हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 25 जून 2025

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 मीसाबंदियों का सम्मान, फिर से मिलेगी सम्मान निधि



10 पाटन कॉलेज में शुरू हुई हेल्प डेस्क सुविधा





# पुलिस की कार्रवाई के बाद भी धड़ल्ले से चल रहे स्पा सेंटर
## निगम ने कहा कि पुलिस लिखकर दे, तभी रद्द होंगे गुमाश्ता लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

अलग खबर

दुर्ग जिले में स्पा सेंटर पर पुलिस की कार्रवाई तो हो रही है, लेकिन उन्हें बंद कराने के लिए जिम्मेदार विभाग नगर निगम कोई रुचि लेता नहीं दिख रहा है। 9 दिन पहले दुर्ग पुलिस ने भिलाई से टीआई सूर्या मॉल में कई स्पा सेंटर में छापामार कार्रवाई की थी, लेकिन अभी भी यहां स्पा सेंटर धड़ल्ले से पहले की तरह संचालित हो रहे हैं। आपको बता दें कि सूर्या मॉल में 8 स्पा संचालित हैं। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बीते 14 जून को अपनी टीम और स्मृति नगर चौकी पुलिस के साथ छापा मारा था। इस दौरान पुलिस को तीन स्पा सेंटर में देह व्यापार चलाने के पूरे साक्ष्य मिले तो वहीं 5 अन्य स्पा में भी संदिग्ध गतिविधियां होना पाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए यहां से तीन लड़कों और 10 लड़कियों को गिरफ्तार किया था। इतनी बड़ी कार्रवाई होने के बाद इन अवैध स्पा को बंद नहीं कराया जा सका है। एएसपी पद्मश्री तंवर का कहना है कि किसी भी दुकान या संस्थान का संचालन करने के लिए गुमास्ता लाइसेंस की जरूरत होती है। यह लाइसेंस निगम जारी करता है। यदि निगम स्पा का गुमाश्ता लाइसेंस निरस्त करता है तो यहां ताला लग जाएगा। उनका कहना है कि उन्होंने निगम को इसके लिए पत्र लिखा है।



### निगम के अधिकारी को पुलिस के पत्र का इंतजार

जब इस बारे में भिलाई नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली से बात की तो उन्होंने कहा कि उनके पास कई स्पा के लाइसेंस रिन्युवल का आवेदन आया है। उसे वो लोग रिन्यु नहीं कर रहे हैं। रही बात स्पा का गुमास्ता लाइसेंस रद्द करने की तो पुलिस यद वहां अवैध गतिविधि होने का दावा कर रही है तो उन्हें लिखकर दे, वो लाइसेंस को निरस्त कर देंगे।

### 10 स्पा अवैध रूप से हो रहे संचालित

निगम से मिली जानकारी के मुताबिक 22 स्पा में से 10 स्पा का गुमास्ता लाइसेंस अवधि समाप्त हो गई है। उन्होनें लाइसेंस रिन्युअल के लिए आवेदन तो दिया है, लेकिन अभी निगम ने उसे रिन्यू नहीं किया है। इस आधार पर भिलाई शहर में 10 स्पा अवैध रूप से संचालि हो रहे हैं।

### भिलाई में 22 स्पा सेंटर संचालित

आंकड़ों की बात करें तो अकेले भिलाई नगर निगम क्षेत्र में 22 स्पा संचालित हैं, जो निगम से गुमास्ता लाइसेंस लेकर चलाए जा रहे हैं। इसमें 8 अकेले सूर्या माल में संचालित हैं।

### पार्षद ने की आयुक्त से कार्रवाई की मांग

स्पा सेंटर के संचालन पर रोक लगाने और उन पर कार्रवाई करने के लिए भिलाई नगर निगम के वार्ड 3 मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने शिकायत की है। उन्होंने लिखा है कि स्पा की आड़ में अवैध देह व्यापार का धंधा चल रहा है।

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## खबर संक्षेप

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाले दो गिरफ्तार



**भिलाई।** अश्लील वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में पोस्ट करने वाला गिरफ्तार। नंदिनी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर उसे फेसबुक और इंस्टाग्राम मे अपलोड करने के मामले में बागडूमर निवासी केतू ठाकुर,सोनू ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया। बहरहाल मामले में पुलिस विवेचना कर रही है।

### मकान खरीदने के नाम पर ठगी, तीन गिरफ्तार



**भिलाई।** मकान खरीदने के नाम पर ठगी करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम देवादा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव निवासी संतोष कुमार देशमुख ने पुलिस में शिकायत किया। जिसमें आरोपी थनौद रोड अंजोरा निवासी आरोपीगण पोषण, सकुन, प्रीति निषाद भूमि खसरा नंबर 586/4 1971 वर्गफीट भूमि पर बने मकान का सौदा 46 लाख में पीड़ित से किया। आरोपियों ने 20 लाख रूपये नगदी, चेक से रजिस्ट्री के लिए इकरारनामा किया। इस दौरान प्रकरण के अन्य आरोपी मों वसीम खान को 46 लाख 50 हजार रूपये में बेचने के लिए 5 लाख रूपये एडवांस आरोपियों ने लिया। लेकिन पीड़ित से 3 लाख 30 हजार रूपये लेकर उपरोक्त भूमि मकान को आरोपी हुस्ना बेगम द्वारा पोषण, सकुन, प्रीति, वसीम खान के सांथ मिलकर रजिस्टी कराकर ठगी किया। आरोपियों से मिले 5500 रूपये जप्त किया। आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

## प्लेन में घूमने का वीडियो वायरल : गैंगस्टर तपन सरकार का है करीबी

# हिस्ट्रीशीटर दीपक नेपाली 30 दिन से फरार, अब पुलिस करेगी संपत्ति कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

*मोस्ट वांटेड और जिले का हिस्ट्रीशीटर दीपक नेपाली 30 दिन से फरार है। पुलिस चाहकर भी उस तक नहीं पहुंच पा रही है। अब पुलिस इसके संपत्ती की कुर्की कार्रवाई करेगी। इधर दीपक नेपाली का प्लेन में घूमने का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जबकि नेपाली के खिलाफ रासुका की कार्रवाई पहले हो चुकी है। फरार दीपक नेपाली का प्लेन में घूमने का वीडियो इन दिनों वायरल हो रहा है। उसके गुर्गे अपने स्टेटस पर लगाकर रखे हुए हैं।*

पुलिस को इसकी जानकारी लगने पर स्टेटस लगाने वालों का लिस्टिंग की जा रही है। जल्द ही उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की तैयारी है। दीपक नेपाली का जिले में अपराध बढ़ रहा है, मगर पुलिस इसका कुछ नहीं कर पाई है।

पुलिस के मुताबिक थाना भट्ठी, छावनी, वैशाली नगर, सुपेला, जामुल समेत कई थानों में हिस्ट्रीशीटर दीपक नेपाली के खिलाफ 30 से अधिक केस दर्ज हैं। इसमें प्राणघातक हमला, लूट, रंगदारी, अपहरण, आर्म्स एक्ट, जैसे कई मामले शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक दीपक नेपाली के संरक्षण में ऑनलाइन सट्टे का संचालन भिलाई-दुर्ग समेत पूरे छत्तीसगढ़ में चल रहा है। आरोपी विदेश में बैठे ऑनलाइन सट्टे के प्रमोटर्स से सीधे संपर्क में है। लेकिन पुलिस इस पर कार्रवाई किया लेकिन जमानत पर रिहा हो गया। दीपक नेपाली से सांठगांठ रखने वाले एक एएसआई को तत्कालीन एसएसपी रहे गर्ग ने लाइन अटैच भी किया है। एएसआई थाने के टीआई के नाम पर दीपक नेपाली को संरक्षण देने के एवज में लाखों रुपए वसूली कर रहा था।

## जेल से छूटने के बाद किया था प्राणघातक हमला, रंगदारी दिखाकर करता था परेशान

### गैंगस्टर तपन का करीबी है फरार दीपक नेपाली

पुलिस के मुताबिक दीपक नेपाली पेशेवर अपराधी है। वह गैंगस्टर तपन सरकार का भी करीबी माना जाता है। इसके चलते तत्कालीन आईजी जीपी सिंह ने गैंगस्टर तपन सरकार के 20 खास गुर्गों की सूची जारी की थी। उसमें दीपक नेपाली का नाम भी शामिल था। इसके चलते आरोपी के खिलाफ 12 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है एवं 5 प्रकरणों में विवेचना जारी है। इसके अलावा अन्य कई मामले थानों में दर्ज है। महादेव सट्टे मामले में दीपक नेपाली का नाम सबसे पहले आया करता है। पुलिस ने इस मामले में पकड़ा भी था लेकिन जेल जाने के बाद भी हिस्ट्रीशीटर दीूपक नेपाली सुधर नहीं पाया है।



### कमीशन को लेकर वसूली करने गया था

पुलिस की मानें तो कैम्प में रहने वाले जमीन कारोबारी भोलू चौबे को रामप्यारे यादव को कमीशन देना था। लेकिन रुपए देने में समय लगने पर रामप्यारे ने यह बात भतीजा शुभम को बताया था। इसके बाद शुभम हिस्ट्रीशीटर दीपक नेपाली का मैनेजमैंट देखता है। शुभम पर खुर्सीपार थाने के अनाचार मामले में जेल भी जा चुका है। शुभम के ईशारे पर दीपक नेपाली रुपए लेने प्रदीप चौबे के निवास पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज जान से मारने की धमकी देकर हमला कर फरार हो गया।

**हमला करने वाले फरार दो गिरफ्तार**: प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्म श्री तंवर ने बताया कि प्रेम नगर कैम्प 1 निवासी रोशन सिंह उर्फ राजा, कैम्प-1 संग्राम चौक मकान न0-392 रामप्यारे यादव को गिरफ्तार किया है। 21 मई की रात प्रदीप चौबे घर रात को पर शुभम यादव, दीपक नेपाली और राजा गए थे। प्रदीप चौबे के साथ रुपए के लेनेदेन को लेकर गाली गलौज कर मारपीट की।

### संपत्ति कुर्की की तैयारी



जिले के गुंडे बदमाशों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इन पर अंकुश लगाने के लिए बॉड ओव्हर के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। इसमें 18 थाना चौकियों से 134 का आदेश जारी किया गया है। फरार आरोपी की संपत्ति को कुर्की करने की कार्रवाई की जा रही है।

-**विजय अग्रवाल**, एसएसपी दुर्ग

# खरखरा जलाशय से पानी मिलना बंद, हफ्तेभर में बारिश नहीं हुई तो संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मंगलवार को भी मानसूनी बारिश ने फिर दगा दे दिया। पूरे दिन बादल उमड़ -उमड़ कर आ रहे थे लेकिन बरसे नहीं। कुछ जगह पर चंद मिनट की बारिश जरूर हुई लेकिन मौसम विभाग ने जिस तरह मानसूनी बारिश के आगाज होने की अनुमान दिया था वह फेल हो गया। हालात ऐसे हैं कि दुर्ग जिले में पिछले साल से अब तक 21 मिलीमीटर बारिश कम हुई है। जिसका असर जलाशयों व खेती-किसानी पर पड़ने लगा है। खरखरा जलाशय से भिलाई-दुर्ग को पानी देना भी बंद कर दिया गया है।

- **मौसम विभाग ने आज से मानसूनी बारिश का लगाया था अनुमान**

### पिछले साल अब तक हुई थी 63 मिमी वर्षा

मौसम विभाग के हिसाब से प्री मानसून की शुरूआत एक जून से होती है। इस बार ऐसा हुआ कि बारिश 22 जुलाई से ही शुरू हो गई। पूरे नवतपाभर बारिश हुई जिसे मौसम विभाग ने प्री मानसून समय से पहले आना घोषित किया। जैसे की जून प्रारंभ हुई है तब से बीच-बीच में एक-दो दिन ही बारिश हो पाई। एक जून से केवल मानसूनी बारिश का इंतजार किया जा रहा है। स्थिति ऐसी है कि पिछले साल अब तक 63 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी। इस साल केवल 42 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस तरह 21 मिलीमीटर बारिश पिछले साल से इस बार कम हुई है।

### खरखरा से ट्विनसिटी को पेयजल के लिए पानी देना बंद

खरखरा जलाशय में पानी इतना कम है कि यहां से कहीं भी पानी नहीं दिया जा रहा है। खरखरा जलाशय से दुर्ग भिलाई को पेयजल मिलता है लेकिन 15 दिनों से बंद कर दिया गया है। शिवनाथ व महमरा एनीकट स्थित तीन एनीकट को निस्तारी तालाबों में पानी छोड़े जाने के दौरान ही भर दिया गया था। जिससे दुर्ग भिलाईवासियों को पेयजल के लिए काम चलाया जा रहा है। बारिश यदि सप्ताहभर नहीं हुई तो एनीकट से भी पेयजल के लिए पानी देना मुश्किल हो जाएगा।

### आज के लिए पूर्वानुमान

मौसम विज्ञानी डॉ. एच पी चंद्रा बताते हैं कि प्रदेश में अधिकाश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 25 जुलाई को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने तथा मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। दो दिनों के बाद प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने तथा मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

### भिलाई-दुर्ग को पानी नहीं

खरखरा जलाशय से भिलाई दुर्ग को पेयजल के लिए पानी देते हैं लेकिन यहां महज 3.47 प्रतिशत जलभराव है। इसलिए इस जलाशय से पानी देना हमने बंद कर दिया है। जब निस्तारी के लिए पानी छोड़ा गया था तो शिवनाथ व महमरा एनीकट के तीन एनीकट को भर दिया गया था। जिससे वे पेयजल के लिए काम चला रहे हैं।

-**पीयूष देवांगन**, ईई बालोद जलसंसाधन

## घर घुसकर बलात्कार, 10 साल की सजा

**दुर्ग।** वैशालीनगर थाना अंतर्गत 32 वर्षीय महिला से घरघुसकर मारपीट कर बलात्कार करने वाले को कोर्ट ने 10 साल की सजा से दंडित किया। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 12 मार्च 2022 को दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। महिला घर में स्नान करने के बाद पूजा कर रही थी। तभी आरोपी केबल का पैसा लेने के नाम पर घर के अंदर घुसा। उसने महिला से जबरदस्ती की। शाम को पति के ड्यूटी से लौटने के बाद उसने इस बारे में जानकारी दी। इसके बाद वैशालीनगर पुलिस ने मामले में धारा 450, 342, 376, 324 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया। जहां से आरोपी राम नगर निवासी ढाल सिंह पिता राम कुमार साहू (32 वर्ष) पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को धारा 450 में 5 साल और 2 रुपए अर्थदंड, धारा 342 में तीन माह, धारा 376 में 10 साल और 1 हजार रुपए अर्थदंड और धारा 324 में 6 माह की सजा सुनाई।

## संपत्ति कर नहीं देने पर 5 गुना पेनल्टी जायज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं करने या स्व-विवरणी की जानकारी गलत भरने पर निगम द्वारा करदाता से 5 गुणा अतिरिक्त पेनाल्टी शुल्क लिए जाने का प्रावधान है। नोटिस जारी करने के बाद एक मामला सामने आया है, जिसमें भिलाई के एक व्यक्ति ने निगम के 5 गुणा पेनाल्टी शुल्क के खिलाफ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका क्रमांक 2873 के तहत याचिका दायर किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अरविंद कुमार वर्मा ने दिनांक 13 जून को याचिका को खारिज करते हुए निगम के पक्ष में फैसला सुनाया। करदाता द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं करने या स्व-विवरणी की जानकारी गलत भरने पर निगम द्वारा करदाता से 5 गुणा अतिरिक्त पेनाल्टी शुल्क वसूल किया जाना नगर निगम अधिनियम में उल्लेखित है। बकाया कर की राशि जमा नहीं करने पर संबंधित को नोटिस जारी कर उसके संपत्ति को कुर्की कर राशि वसूल किया जा सकता है।

## भारतमाला की तरह खरसिया-दुर्ग-परमालकसा रेलवे लाइन में करोड़ों की अनियमितता

# सितंबर में अधिसूचना के बाद जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक, फिर भी अक्टूबर-नवंबर में टुकड़ों में बेच दी

**अधिसूचना पांच सितंबर 2018 को जारी, प्रभावित गांव की गोपनीय सूची वायरल होने के बाद किया गया खेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

खरसिया-दुर्ग-परमालकसा नई रेलवे लाइन परियोजना में सुनियोजित तरीके से मुआवजा पाने करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है। दुर्ग के रिद्धि-सिद्धि बिल्डर्स नामक फर्म के सदस्यों ने करीब नौ एकड की जमीन को 70-80 टुकड़ों में बेचकर राज्य शासन को करीब 25 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाया है। इस पूरे खेल को अंजाम तब दिया गया जब भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचना प्रकाशित हो चुकी थी। इसके बाद भी फर्म के सदस्य और राजस्व अधिकारियों ने सुनियोजित षडयंत्र कर मुआवाज का खेल कर दिया है। फर्म के एक सदस्य रूपेश जैन और रितेश जैन ने आरोप लगाया है और कडी कार्यवाही किए जाने की मांग जिला प्रशासन से लेकर प्रधानमंत्री तक कर दी है। बहरहाल इस भ्रष्टाचार में अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। फर्म के सदस्य रूपेश जैन ने बताया कि, 5 सितंबर 2018 को रेलवे लाइन से प्रभावित गांवों की सूची, जिसमें बोरिगारका, पुरई और घुधिसिडीह शामिल था। अधिसूचना जारी होने के बाद भी बोरीगारका की जमीन 24 अक्टूबर 2018 में बेची गई, जिसमें खसरा नंबर 690, 659/3 है। वहीं पुरई में दो नवंबर 2018 को 659/9, तीन नवंबर 2018 को 559/8, सहित चार अलग-अलग तिथि में रजिस्ट्री कराई गई। वहीं खुखसीडीह गांव भी शामिल है। इस तरह यहां शमिलात जमीन नौ एकड थी, जिसे राजस्व अधिकारियों से सांठगांठ कर पांच सौ वर्गमीटर के छोटे-छोटे टुकड़ों में रजिस्ट्री कर ली गई। क्योंकि हेक्टेयर में कम मुआवजा मिलता है, वही पांच सौ वर्गमीटर तक अधिक मुआवजा मिलने की लालच में फर्म के सदस्यों ने राजस्व अधिकरियों से मिलकर न सिर्फ अधिसूचना जारी होने के बाद रजिस्ट्री कराई, बल्कि बटांकन और नामांतरण तक कर दिया गया। इस पूरे षडयंत्र में फर्म के सदस्यों के आलावा अन्य 30-35 लोगों का गिरोह बनाकर भोले-भाले किसानों को झांसे और लालच में फंसा कर उनकी जमीने कौड़ियों के भाव में खरीद ली गईं।

- **बोरीगारका-पुरई सहित 6 से ज्यादा गांवों का मामला**

### अधिसूचना के अगले माह टुकडों में रजिस्ट्री

भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 की धारा 11 और 20(A) के अनुसार सूचना जारी होते ही अधिग्रहित क्षेत्र की जमीनों की खरीदी-बिक्री, नामांतरण, खाता विभाजन और नक्शा बंटवारा करना प्रतिबंधित होता है। अधिसूचना पांच सितंबर 2018 को जारी हुई। इसके बाद चौबीस अक्टूबर 2018 से लेकर नवंबर माह तक बोरीगारका, पुरई, कसारीडीह और खुखसीडीह की नौ एकड जमीन अवैध तरीके से टुकड़ों में रजिस्ट्री कर दी गई।


### फर्म के साथ षड़यंत्र में ये सभी जिम्मेदार

रिद्धि-सिद्धि बिल्डर्स नामक फर्म में छः सदस्य रजिस्टर्ड है। जिसमें सजन जैन, विश्वास गुप्ता, मनीष शर्मा, अमृता खंडेलवाल, रूपेश जैन, स्व श्रीमति कमलाबाई बोथरा जो वर्तमान में भाजपा नेता कांतिलाल बोथरा सदस्य है। इसमें फर्म के सदस्य रूपेश जैन ने उनके हिस्से का शेयर नही मिलने के चलते कार्यवाही की मांग की है और उनका आरोप है कि, पूरा षडयंत्र रेल्वे लाइन में मुआवजा पाने के लिए रचा गया है। उन्होने फर्म के सदस्य के आलावा तत्कालीन तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी व अन्य अधिकारियों के मिलीभगत का आरोप लगाया है।

### सिर्फ बारह दिन में सभी प्रक्रिया पूरी

आरोप लगाया गया है कि, महज 12 से 17 दिनों में 9 एकड़ जमीन को 500 वर्ग मीटर के टुकड़ों में बांटकर, बटांकन और नामांतरण भी करा दिया गया। जबकि यहां आम आदमी को इस काम के लिए पसीना बहाना पडता है। इन छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटी गई भूमि पर प्रति वर्गफुट की दर से तीन गुना मुआवजा मिलना तय है। जिसे लेकर इस घोटाले में 25 करोड़ रुपये तक का सरकारी नुकसान किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, राजस्व सचिव, कलेक्टर और एसडीएम तक इस पूरे मामले की लिखित शिकायत की गई है। लेकिन अब तक कोई जांच या कार्रवाई शुरू नहीं हुई है। उल्टा शिकायतें फिर से एसडीएम को वापस भेज दी गईं, जिससे पीड़ित व्यापारियों और स्थानीय जनता में गहरी नाराजगी है।

### मामले में जांच चल रही



इस रेलवे लाइन में अवार्ड पारित होने जैसी बात नहीं आई है। हालांकि इसकी जांच एडीएम कर रहे हैं। अभी जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई है।

-**अभिजीत सिंह**, कलेक्टर दुर्ग

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव मनाया गया

दुर्ग। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव संकुल केन्द्र चीचा ब्लॉक धमधा मे मनाया गया। मुख्य अतिथि तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू, अध्यक्षता पवन शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रीति देवांगन, पुकेश साहू, टीभूलाल वर्मा, राजकुमार साहू, रतन वर्मा, उधो सिंह वर्मा, खेमंत डौडे, कमला बाई डौडे मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ मे सरस्वती पूजा, स्वागत गीत, राजकीय गीत की प्रस्तुति के साथ नव प्रवेशी बच्चों को पुष्पगुच्छ, शाला गणवेश, पाठ्यपुस्तक देकर पहली, छठवीं, नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य श्री देशलहरे, प्रधान पाठक श्री साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। संकुल मे आए हुए नए शिक्षकों का भी स्वागत श्री फल और लेखनी देकर किया गया। कार्यक्रम में पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं के उत्कृष्ट स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

### आपातकाल को कांग्रेसियों ने आत्मसात कर रखा है : साहू



दुर्ग। विगत 25 जून 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल थोप दया। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। कांग्रेस पार्टी ने इस काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। आज 50 वर्ष बाद भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ चल रही है, आज भी सिर्फ तरीकों का बदलाव हुआ है, नीयत आज भी वैसी ही तानाशाही वाली है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आगे कहा कि मार्च 1971 में लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीतने के बावजूद इंदिरा गांधी की वैधानिकता को चुनौती मिली। उनके विपक्षी उम्मीदवार राज नारायण ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनाव को भ्रष्ट आचरण और सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आधार पर चुनौती दी। देश की अर्थव्यवस्था मंदी के दौर से गुजर रही थी, जिससे जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा था। देश पहले से ही आर्थिक बदहाली, महंगाई और खाद्यान्न संकट से जूझ रहा था। बिहार और गुजरात में छात्रों के नेतृत्व में नव निर्माण आंदोलन खड़ा हो चुका था। 8 मई 1974 को जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में ऐतिहासिक रेल हड़ताल ने पूरे देश को जकड़ लिया।

# अवैध मुरूम खननकर्ताओं पर राजस्व और पुलिस विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

**ग्राम कौही, बोरेंदा, केसरा, ओदरागहन, निपानी तथा कौही सेमर घाट में पकड़ाए**

राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले में अवैध रूप से मुरूम खनन व रेत का परिवहन करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। राजस्व और पुलिस विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई औचक कार्रवाई से अवैध खननकर्ताओं में हड़कंप मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसडीएम पाटन के निर्देश पर मंगलवार को सुबह पाटन अनुविभाग अंतर्गत थाना रनचिरई क्षेत्र में राजस्व विभाग और पुलिस की टीम एक साथ पहुंची जहां कार्यवाही के दौरान ग्राम कौही, बोरेंदा, केसरा, ओदरागहन, निपानी तथा कौही सेमर घाट में एक जेसीबी और दो ट्रक अवैध रेत उत्खनन करते हुए पकड़े गये। इसी तरह से थाना उतई क्षेत्र के ग्राम पतोरा में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग ने ग्राम महकाखुर्द के शासकीय भूमि में दो डम्फर और एक जेसीबी बिना रॉयल्टी पेपर के अवैध मुरूम उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़े। सभी को जप्त कर थाना उतई के सुपुर्द में किया गया। मौके पर नायब तहसीलदार राजस्व मनोज रस्तोगी और पुलिस की टीम मौजूद थी। उक्त कार्रवाई में राजस्व विभाग के तहसीलदार अहिवारा राधेश्याम वर्मा, राजस्व निरीक्षक अहिवारा खूबचंद वर्मा, राजस्व निरीक्षक मुरमुंदाअरूण वर्मा, पटवारी अहिवारा खेमराज देवांगन और पुलिस विभाग की ओर से डीएसपी अलेक्जेंडर कीरो, थाना प्रभारी नंदिनी नगर मनीष शर्मा एवं उनकी टीम ने भूमिका निभाई।



#### कोड़िया में भी जब्त किए गए वाहन

धमधा अनुविभाग अंतर्गत ग्राम कोड़िया तहसील अहिवारा में एक चैन माउंटेन मशीन और तीन हाईवा की बिना अनुमति के मुरुम खनन एवं परिवहन किए जाने पर जप्ती की कार्रवाई की गई। ग्राम गिरहोला से 1 चैन माउंटेन तथा 3 हाईवा तथा ग्राम पोटिया से 1 चैन माउंटेन एवं 3 हाईवा जप्त कर सभी को थाना नंदिनीनगर की सुपुर्दगी में सौंपा गया है।



**प्रदर्शन : करदाता और कर्मियों के बीच झड़प, एफआईआर की रखी मांग**

# टैक्स जमा करने के बीच जमकर विवाद, काम छोड़ धरने पर बैठे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में मंगलवार को करदाता और निगम कर्मचारियों के बीच जमकर विवाद हो गया। टैक्स भुगतान को लेकर करदाता और कर्मचारियों के बीच इस कदर झड़प हो गई कि, बात मारपीट तक आ पहुंची थी। जिससे गुस्साएं कर्मचारियों ने नगरनिगम परिसर में धरना पर बैठ गए। कर्मचारियों ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

जानकारी अनुसार 24 जून 2025 को समय दोपहर 1 बजे राजस्व विभाग कार्यालय में शोभा राठी पति सुखदेव राठी, कसारीडीह वार्ड-43 का टैक्स जमा करने आयुश राठी एवं अंकुश जैन राजस्व विभाग कमरा नम्बर-3 सहायक राजस्व अधिकारी कक्ष में आये हुए थे। इस दौरान उनके द्वारा टैक्स की रसीद नहीं होने पर एवं उन आईडी राजस्व विभाग के रिकार्ड पर दर्ज नहीं होने पर उनको जानकारी दी गई। उन्हे बताया गया कि, आपका न्यू असीसमेंट होगा, जिसमें प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार वित्तीय 2019-20 से 2025-26 तक कुल राशि रूपये 22,308/- रूपये निर्धारण किया गया है। जिस पर वे नाराज हो गए। उनका कहना था कि, अधिक कर निर्धारण किया जा रहा है। इसी बात लेकर वे राजदीप कसार, सहायक राजस्व निरीक्षक (प्लेसमेंट) और भुपेन्द्र गोईर सहायक राजस्व अधिकारी से कहासुनी हो गई। भूपेन्द्र गोईर का कहना है कि, अपने कक्ष में आया तो अंकुश जैन द्वारा बहुत ही तेज आवाज में टेबल ठोक ठोक कर, उंगली दिखाकर शहर के जनप्रतिनिधि का नाम लेकर देख लेने की धमकी देते हुए, अपशब्दो का प्रयोग किया गया।

**आयुक्त ने पद्मनाभपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराने लिखा पत्र**



#### आयुक्त ने थाने में की लिखित शिकायत

आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने बताया कि, इस मामले में संबंधित के खिलाफ पदनाभपुर थाने में लिखित शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि, अपशब्द का प्रयोग करते हुए कहा गया कि कमिश्नर को खुद आकर जवाब देगा, कमिश्नर घर आकर काम करेगा जैसा शब्द का प्रयोग किया गया है। आयुक्त ने बताया कि, कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी से दुर्व्यहार करने वाले अंकुश जैन के विरूद्ध एफआईआर करने लिखित शिकायत की गई है।

#### दिनभर तनाव की रही स्थिति, कामकाज ठप

इस घटना के बाद निगम के कर्मचारी धरना प्रदर्शन पर बैठ गए थे। जिसके चलते निगम में दिनभर कामकाज ठप रहा। इस दौरान राजस्व उपनिरीक्षक थानसिंह यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक रत्नदीप कसार, तरूण चन्द्राकर, भृत्य मनोज सोनी, सत्यम बेकरी वाले मुरली एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे। कर्मचारियों का कहना है कि, जिस तरह व्यवहार था, कार्यालयीन कार्य के दौरान अधिकारी कर्मचारी भी उन पर हावी होकर हाथापाई हो सकता थी। इसके बावजूद अंकुश जैन द्वारा अपने बड़े भाई सोहन जैन का नाम लेकर राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी कक्ष में आकर अपशब्द का प्रयोग कर दूरव्यवहार लगातार करते रहे इस दौरान उनके द्वारा कई बार टेबल ठोका गया।

# जांच में पाए गए दर्जनभर बीज के नमूने अमानक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



जिले में सैकड़ों क्विंटल बीज की गुणवत्ता जांच में अमानक पाई गई है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट मिलने के बाद बीज के 13 नमूने की खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध लगाया दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा अब तक 448 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा चुके है। जो कि प्राप्त लक्ष्य 442 से अधिक है। जानकारी के अनुसार जिले में सहकारी क्षेत्र से बीज के 271 एवं निजी दुकानो से 177 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए है। इनमें सहकारी क्षेत्र से लिए गए बीज के 210 नमूनों की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। इनमें धान बीज के 13 नमूने अमानक पाए गए हैं और ये सभी सहकारी क्षेत्र का है। इसी प्रकार निजी दुकानों से लिए गए 36 नमूने का रिपोर्ट आ चुका है, ये सभी नमूने जांच में मानक पाए गए है। अभी निजी क्षेत्र के141 एवं सहकारी क्षेत्र के 61 नमूनो की जांच रिपोर्ट आना बाकी है।

- समितियों से सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजे गए थे

#### रिपोर्ट आने के बाद लगाया प्रतिबंध

उप संचालक संदीप भोई ने बताया कि, बिक्री पर प्रतिबंध लगाकर संबंधित विक्रेता व निर्माता को जारी किया है। अमानक पाए गए बीज की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही संबंधित विक्रेता एवं इसके निर्माता कंपनी को मामले में नोटिस जारी किया गया हैं। देखना है कि, इस मामले में कृषि विभाग विक्रेता फर्म पर क्या कार्यवाही करती है।

#### इन समितियों से लिया गया था सैंपल

अमानक पाए गए धान बीज के नमूने बीज निगम रुआबांधा, सेवा सहकारी समिति रौंदा, सेवा सहकारी समिति बरहापुर, सेवा सहकारी समिति भेड़सर, सेवा सहकारी समिति धमधा , सेवा सहकारी समिति देवरी, सहकारी विपणन समिति धमधा, सेवा सहकारी समिति औंधी, सेवा सहकारी समिति पाटन, सेवा सहकारी समिति सांकरा, सेवा सहकारी समिति तेलीगुंडरा, सेवा सहकारी समिति बठेना एवं सेवा सहकारी समिति बटरेल से लिए गए थे इन सभी समितियों से अमानक पाए गए बीज का जिस लाट से नमूना लिया गया था इसमें सभी को मिलाकर नमूना लेते समय444 क्विंटल से अधिक बीज था।

### न्यूनतम वेतन अधिनियम कानून का पालन नहीं

दुर्ग। छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच के संयोजक एड राजकुमार गुप्त और अध्यक्ष सहदेव साहू ने राज्य के श्रमायुक्त, सचिव श्रम विभाग और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर केंद्रीय कानून न्यूनतम वेतन अधिनियम का पालन करने की मांग की है, पत्र में श्रमिक मंच के नेताओं ने कहा है कि अधिनियम में प्रत्येक 5 साल में दैनिक पारिश्रमिक पर काम करने वाले श्रमिकों के पारिश्रमिक का पुनर्निर्धारण करने का प्रावधान है, मप्र राज्य में 1997 में पुनर्निर्धारण किया गया था।

# रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गोंड़ समाज ने दी श्रद्धांजलि, वीरता को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधा गढ़ एवं महासभा के अधीनस्थ मुड़ा बघेरा के तत्वाधान में गोंडवाना की महारानी दुर्गावती के 461 वां बलिदान दिवस पर शहर के मध्य स्थित दुर्गावती प्रतिमा में समाज द्वारा पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महारानी की वीरता, साहस, बलिदान की बातें समाज को बताई गई। साथ ही बताया गया कि किस प्रकार महारानी मुगलों के सामने झुकी नहीं, वरन लड़ते हुए मृत्यु को वरन करना किया। अंत में वीरांगना महारानी दुर्गावती को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान एमडी ठाकुर, सीताराम ठाकुर, डीएस सोरी, राजेन्द्र, महावीर, गोरेलाल, मनहर, अनीता, पार्षद ललिता ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, महेश्वरी ठाकुर, गोमती, शरद, उषा मंडावी, कौशल, दुर्गा, प्रभा, चंद्रकांता, पूर्णिमा, सोमलता, राजेश्वरी नेताम सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

### कांग्रेस शिक्षा विभाग का करेगी आज घेराव

दुर्ग। राज्य कि भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नया सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद कर दिए जाने के निर्णय के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के संयुक्त नेतृत्व में जिले के वरिष्ठ नेतागण और जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में कल दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि 10463 सरकारी स्कूल बंद करने के तुगलकी फरमान से प्रदेश के लगभग 45000 से भी अधिक शिक्षकों का पद समाप्त हो जाएंगे, शिक्षकों के साथ-साथ स्कूलों में कार्यरत रसोइयों, चपरासी, स्वीपर ,महिला सहायता समूह सहित युवाओं के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा वो बेरोजगार हो जाएंगे।

# शिक्षण संस्थानों के आसपास नशीला पदार्थ बेचने वालों पर निगम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिक्षण संस्थानों के समीप तंबाकू एवं अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री विक्रय करने वालों पर नगर निगम ने कार्रवाई की है। इसके लिए आयुक्त सुमित अग्रवाल ने टीम गठित की है।

- तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन भी हटवाए गए0

बाजार विभाग, अतिक्रमण विभाग, निगम अमला, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ शहर क्षेत्रांतर्गत शिक्षण संस्थानों स्कूल, कालेज इत्यादी के समीप तंबाकू एवं अन्य प्रतिबंधित नशीली सामग्री विक्रय रोकने कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही किये जाने के निर्देश अमला को दिए है। इसी कड़ी में निगम द्वारा कोटपा अधिनियम की कार्यवाही के दौरान सिकोला भाठा शासकीय स्कूल के आस-पास, तुलाराम स्कूल मोहन नगर के अलावा भगत सिंह स्कूल तितुरडीह पहुंचकर दुकानों एवं ठेलों में जांच की कार्रवाही की गई। इस दौरान बीड़ी, सिगरेट, गुटका सहित तंबाखू को जब्त कर जुर्माना की कार्रवाही की गई। बता दे की कोटपा अधिनियम की कार्यवाही नशा मुक्ति का पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत कोटपा अधिनियम की कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्रवाही लगातार शहर क्षेत्र में स्कूल के आस पास अलग अलग जगहों कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

#### स्कूल-कालेज के 100 मीटर दायरे के पानठेलों पर छापेमारी

स्कूल के आस पास नशीली दवाओं के दुरुपयोग नशीली पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी हेतु आम जनता को जागरूक करना। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर के नेतृत्व में बाजार विभाग शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा सहित पुलिस बल की मौजूदगी में स्कूल किनारे व आस पास के पान ठेलों, सार्वजनिक स्थलों और स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में छापेमारी की कार्यवाही की गई हैं तथा तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन हटवाए गए।



**कांग्रेस ने 50 साल पहले लगाया था आपातकाल**

# मीसाबंदियों का सम्मान, फिर से मिलेगी सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इसे संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी। इस मौके पर मीसाबंदियों का शाल और श्रीफल देकर सम्मान किया जाएगा और कांग्रेस शासन काल में बंद हुई उनकी सम्मान निधि को फिर से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस के शासन और उनके द्वारा लिए गए गलत फैसलों के इतिहास को बताते हुए उन्हें कोसा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के शासनकाल में जो इमरजेंसी पूरे देश में लगाई गई थी वो देश के लिए सबसे बड़ा काला इतिहास है।

- बीजेपी ने कांग्रेस पर साधा जमकर निशाना




कांग्रेस सोच और उनके गलत कार्य जन जन तक पहुंचे इसके लिए भारतीय जनता पार्टी सभी जिलों में आपातकाल के 50वें साल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा इंदिरा शासन काल में "इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा" का नारा दिया गया था। यहीं से कांग्रेस का काला इतिहास शुरू हुआ था।

सत्ता के लोभ में कांग्रेस ने सभी की स्वतंत्रता का हनन किया था। उन्होंने पत्रकारों तक के ऊपर सेंसर लगाया और उन्हें जेल में डाला। इतना ही देश में जनसंख्या को रोकने का नाम देकर नसबंदी लागू किया और जबरदस्ती लोगों की नसबंदी की गई। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी संबिधान की बात करती है पहले वो अपना पुराना इतिहास देखे। भाजपा सरकार के कामकाज पर उंगली उठाने वाली कांग्रेस पहले तो आपस में तय कर लें कि आखिर उनके नेता प्रतिपक्ष किसके साथ सेट हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व सीएम भूपेश बघेल को कितना दर्द है, अपने नेता पर उन्हें प्रश्न खड़ा करना पड़ रहा है।

#### भाजपा मीसाबंदियों का करेगी सम्मान

डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर 25 जून को भाजपा मीसाबंदियों के सम्मान करने जा रही है। क्योंकि पार्टी मानती है कि मीसाबंदियों के कारण ही भाजपा इतनी बड़ी पार्टी बनी।

#### जिले में 52 मीसाबंदियों का होगा सम्मान

भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि दुर्ग जिले में 52 मीसाबंदी हैं, जिनका 25 जून का सम्मान किया जाना है। इसमें भिलाई से 25 मीसाबंदियों का नाम शामिल है। इन सभी की सम्मान निधि को भी शुरू किया जाएगा।

# भाजपा ने किया संकल्प से सिध्दी कार्यक्रम का आयोजन



दुर्ग। सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय और प्रदेश के आह्वान पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हो रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों की कड़ी में प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम दुर्ग शहर में स्थित सिंधु भवन में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक विधायक ललित चंद्राकर गजेंद्र यादव जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे निवृत्तमान जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, अरविंदर खुराना , अटल गोदवानी सिंधी समाज अध्यक्ष उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने अपने मार्गदर्शन मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के सुशासन को आमजन मानस के बीच में ले जाने का आहवन किया। दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए।

**दस्तावेज गुमा**

मैं श्रीमती प्रीति मदान पति श्री विरेन्द्र मदान, आयु 62 वर्ष, निवासी 121/ए, सुन्दर विहार कालोनी, कुरूद, थाना-जामुल, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) आम जनता को सूचित करती हूं कि:-
मेरा एक रजिस्ट्री मकान मौजा-121/ए, सुंदर विहार कालोनी, कुरूद भिलाई में स्थित है, जिसका खसरा नं. 1404/5, रकबा 1000 वर्गफीट है जिसका प्लाट नं. 121-ए है। उक्त भूमि को जो कि पूर्व में जब प्लाट था वो विक्रेता वेदप्रकाश चोपडा एंड कंपनी, भागीदार/पार्टनर श्री आलोक कुमार लुनिया के नाम पर प्लाट था, जिसे श्रीमती अनिता अग्रवाल ने खरीदकर मकान निर्माण करके मुझे विक्रय किया है, जिसके प्लाट रजिस्ट्री की मूलप्रति मेरे हाथों से निवासित स्थल के आसपास गुम हो चुकी है। उक्त दस्तावेज के गुम होने की सूचना थाना जामुल में दर्ज करा दी गई है यदि भविष्य में उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति को मिलता है तो उसका दुरूपयोग न करें अन्य व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार का दुरूपयोग करने पर वह अवैध एवं दंडनीय अपराध होगा।
भवदीय
श्रीमती प्रीति मदान

## खबर संक्षेप



### रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस मनाया

**उतई।** गोंडवाना विकास समिति उतई द्वारा मंगलवार को बुढ़ादेव मंदिर में वीरांगना रानी दुर्गावती की 461वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोंडवाना समाज के रामदयाल ठाकुर, तोरण ठाकुर, जितेश कुंजाम, शंकर ठाकुर, मायावती मंडावी, वैदिका ठाकुर, सरोज ठाकुर आदि मौजूद थे।

## निधन

### हितेश कुमार साहू



**दुर्ग।** सुभाष स्कूल के पास, शंकर नगर वार्ड 10 निवासी हितेश कुमार साहू 38 वर्ष का आकस्मिक निधन 24 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे रामनारायण साहू के पुत्र, भुनेश्वरी साहू के पति, काव्यांश व रुद्र साहू के पिता, सुनील, मनीष, धनंजय, नरेश, मनोज व मुकेश साहू के भाई, हिमांशु, लक्ष्य व मयंक साहू के चाचा और पत्रकार श्याम कुमार साहू व थर्मोटेक इंजीनियरिंग कंपनी के संचालक भगवानी साहू के साला थे।

### कलटू राम गोंदा



**भिलाई।** वर्मा चौक भिलाई 3 निवासी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से सेवानिवृत्त कलटू राम गोंदा 65 वर्ष का निधन 23 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उम्दा रोड ड्रीमसिटी के पास मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पत्नी शकुन गोंदा, पुत्र कन्हैयालाल, सुरेश कुमार सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### केशव दास वैष्णव



**दुर्ग।** सिकोला भाठा दुर्ग निवासी केशव दास वैष्णव का निधन मंगलवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 25 जून को निवास स्थान से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिये निकलेगी। वे विश्व हिंदू परिषद दुर्ग नगर के अध्यक्ष सुनील वैष्णव के पिता थे।

### पंचायत प्रतिनिधि उदासीन, राजस्व विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को सौपेंगे ज्ञापन

# सतनाम भवन में अतिक्रमण से समाज के लोगों और ग्रामीणों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

तहसील मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे ग्राम तरीघाट जो हमेशा से चर्चा में बना रहता है, लेकिन इन दिनों गांव में अलग ही मामला छाया हुआ है। तरीघाट में अतिक्रमण की बाढ़ सी आई गई है। पूर्व में अतिक्रमणकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो गये हैं, वर्तमान में मामला है कि गांव में निस्तारण के लिए सतनामी समाज के लिए भवन निर्माण किया गया था, लेकिन भवन के बाउंड्रीवॉल के अंदर ही बीचों बीच अतिक्रमण कर दिया गया है।

ज्ञात हो कि यह भवन या आसपास निवासरत लोगों के सहुलियत व निस्तारण के लिए उपयोग में लाया जाता है, इनके हौसला इतना बढ़ा हुआ है कि अतिक्रमणकारियों ने समाज के भवन तक को नहीं छोड़ा। मजे की बात है कि जो घर का निर्माण हो रहा है वो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाया जा रहा है, बकायदा समय पर आवास मित्र के द्वारा जियोटेक किया जाता है, लेकिन सोचने वाली बात है कि उक्त अतिक्रमणकारियों को ग्राम पंचायत तरीघाट से या गांव के मुखिया के द्वारा नोटिस जारी नहीं किया गया है, इससे सिद्ध होता है कि कहीं ना कहीं पंचायत प्रतिनिधियों के संरक्षण में यह घर का निर्माण कराया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना रहा मकान**



#### सतनामी समाज के लिए कराया गया था भवन निर्माण

जानकारी के मुताबिक गांव में सतनामी समाज की जनसंख्या लगभग 300 हैं जिनके दुख-सुख या समाजिक गतिविधियों के लिए शासन द्वारा भवन का निर्माण किया गया है। वहीं सतनामी समाज के भवन के बांउड्री वाल के अंदर ही अतिक्रमण कर घर बनाया जा रहा है, चूंकि उक्त घर को गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर रखा था, जिसके उपरांत घर निर्माण किया जा रहा है। बकायदा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बना रहा है, आवास मित्र के द्वारा बीच में जियो टेक कर राशि उपलब्ध करा रहे है।

#### पंचायत नहीं कर रही कार्रवाई

ग्राम तरीघाट में लगातार अवैध अतिक्रमण जारी है, पूर्व में भी कई मामले सामने आये हैं, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं होने से अतिक्रमणकारियों को बल मिलता है, अभी जो सतनाम भवन में अतिक्रमण हुआ है, इसके लिए ना तो ग्राम पंचायत तरीघाट द्वारा ना तो नोटिस जारी किया गया है और ना ही किसी प्रकार का एक्शन लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत तरीघाट के सतनाम भवन में अतिक्रमण हुआ है, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे क्षुब्ध होकर समाज के लोग व ग्रामीण जन कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग व संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने की बात कही, अगर कार्रवाई नहीं हुई तो इसके लिए शासन-प्रशासन को जिम्मेदार होने की बात कही जा रही है।

# राशन सोसायटी में अनियमितताओं से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

अमलेश्वर नगर पालिका क्षेत्र की एक राशन सोसायटी में व्याप्त अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं को लेकर उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। सप्ताह में कई दिन सोसायटी बंद रहने से आमजन को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के इस मौसम में लोग घंटों लाइन में खड़े होकर परेशान हो रहे हैं। वहीं सोसायटी में कर्मचारियों की संख्या बेहद कम है, वहीं सर्वर की समस्या के कारण एक राशन कार्ड की एंट्री में 15 मिनट तक का समय लग रहा है। इससे लाइन लंबी होती जा रही है और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। सरकार द्वारा घोषित तीन माह का एकमुश्त राशन अभी तक अधिकांश उपभोक्ताओं को नहीं मिल पाया है। इस अव्यवस्था से लोग इतने त्रस्त हो चुके हैं कि कई उपभोक्ता रात में ही राशनकार्ड छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। सुबह से शाम तक तय समय पर वितरण नहीं हो रहा है। सोसायटी के कर्मचारी सुबह से लेकर शाम तक तय समय पर उपस्थित नहीं रहते, जिससे सीमित संख्या में ही उपभोक्ताओं को राशन मिल पा रहा है। लोगों को बार-बार आना पड़ रहा है, फिर भी उन्हें पूरा राशन नहीं मिल रहा। वहीं इस संबंध में उपभोक्ताओं ने नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू और वार्ड 8 के पार्षद डोमन यादव को अपनी समस्या से अवगत कराया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने जल्द ही उचित कार्रवाई कर व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और खाद्य विभाग से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और सोसायटी में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर वितरण प्रणाली को सुचारू किया जाए।

- **व्यवस्था सुधारने उपाध्यक्ष ओमप्रकाश व पार्षद डोमन से लोगों ने की शिकायत**

# पाटन कॉलेज में शुरू हुई हेल्प डेस्क सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला एवं विज्ञान महाविद्यालय पाटन में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों तथा पालकों के लिए हेल्प डेस्क सुविधा प्रारंभ की गई है। इस हेल्प डेस्क का गठन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय के प्रवेशद्वार पर किया गया है। हेल्प डेस्क सुविधा प्रदान करने का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक आने वाले विद्यार्थियों, पालकों तथा अभिभावकों को महाविद्यालय में प्रवेश प्रदान करने में आवश्यक सलाह और सुझाव देना तथा महाविद्यालय में उपलब्ध नई शिक्षा नीति-2020 के पाठ्यक्रम एवं प्रावधानों के अनुसार छात्रों को विषय का चुनाव करने में मदद प्रदान करना है। इसके अलावा नई शिक्षा नीति से संबंधित प्रावधानों का पोस्टर भी लगाया गया है। इस हेल्प-डेस्क में छात्रों और उनके पालकों को एंटी-रैगिंग संबंधी जानकारी भी प्रदान की जा रही है। जिसके तहत रैगिंग से होने वाले दंडात्मक और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। इन जानकारी के लिए महाविद्यालय में एंटी-रैगिंग समिति के सदस्यों के नाम एंटी-रैगिंग संबंधी प्रावधानों का उल्लेख, रैगिंग से होने वाले दंड का प्रावधान और रैगिंग संबंधी जागरूकता के पोस्टर आदि लगाए गए हैं। इसके अलावा महाविद्यालय के ग्रंथालय में उपलब्ध सुविधाएं तथा महाविद्यालय की आधारभूत सुविधाओं और संरचनाओं से परीक्षित कराया जाता है तथा महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। डेस्क की संरक्षिका महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा है। हेल्प डेस्क समिति के संयोजक डॉ. वंदना धन्डोरे, संयोजक एंटी रैगिंग डॉ. आरके वर्मा एवं सदस्य प्रो. जितेंद्र कुमार मंडावी है। हेल्प डेस्क में सहायता के लिए सदस्य झनक लाल सिन्हा नामित किए गए हैं। हेल्प डेस्क के पास सारी संबंधितसूचनाओं कोएक ही स्थान पर नोटिस बोर्ड में चस्पा की गई है।

- **हेल्प-डेस्क से कॉलेज की आधारभूत सुविधाओं से परीक्षित कराया जा रहा**

# डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस धमधा मंडल ने मनाया। जिसमें मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी आजादी के बाद देश की पहली सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। कश्मीर में परमिट व्यवस्था के विरोध में उन्होंने अपनी आवाज उठाई। कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का विरोध करते हुए उन्होंने कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। मुखर्जी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए आंदोलन छेड़ा। वहीं उनका नारा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे। इसी आंदोलन के दौरान उनकी रहस्यमय मृत्यु हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को कश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35 ए को समाप्त कर दिया। इस फैसले से जम्मू-कश्मीर पूरी तरह से भारत का अभिन्न अंग बन गया। यह ऐतिहासिक फैसला भाजपा कार्यकर्ताओं और देश की भावनाओं का सम्मान करते हुए लिया गया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री बनऊ वर्मा, छगन साहू, मंडल उपाध्यक्ष मंजू धीवर, कोमल मरकाम, मंडल मंत्री जितेंद्र देवांगन, मनोज साहू, लिकेश्वरी चंदेल, मनीषा ताम्रकर, सोशल मीडिया सहप्रभारी अरुण सिंह राजपूत, मीडिया सह प्रभारी दयानंद सिन्हा, दिलीप गुप्ता, नरेश साहू, आदर्श शर्मा, गांधारी कहार, सोनिया मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- **धमधा भाजपा मंडल ने डॉ. मुखर्जी के योगदान को किया याद**

# बच्चे, शिक्षक और पालक तीनों ईमानदारी से अपना कार्य करें तो सफल होने से कोई नहीं रोक सकताः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



- **पाटन ब्लाक के ग्राम बटंग में विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव मनाया**

शिक्षा विभाग पाटन ब्लॉक द्वारा ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन ग्राम बटंग में किया गया। आयोजन में अतिथियों का स्वागत के बाद बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांकृतिक प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षा के महत्व को बताया गया। स्वागत प्रतिवेदन खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे ने पढ़ा। राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में 35 बच्चों का पाटन ब्लॉक के चयन हुआ है। पाटन में नेशनल लेबल पर स्कालरशिप मिल रही है। नवोदय विद्यालय में 17 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। खेलो इंडिया के तहत खो-खो और वेटलिफ्टिंग में भी सफलता प्राप्त किया है। सरस्वती साइकिल योजना के तहत पात्र छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कक्षा पहली, छठवीं, नवमीं ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण कर स्वागत किया। सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों ने पौधारोपण भी किया। मुख्यातिथि विजय बघेल ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि अभाव के बाद भी पाटन ब्लॉक के शिक्षक पूरी मेहनत कर रही हैं। बच्चे मेरिट में आ रहे हैं उन्होंने कहा कि बच्चे, शिक्षक और पालक सभी को अपना-अपना कर्तव्य ईमानदारी से करने पर सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

#### छात्राओं को किया साइकिल वितरण

इस दौरान जब छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। उसके बाद सांसद विजय बघेल ने अपने चिरपरिचित अंदाज में छत्तीसगढ़ी गीत मोर संग चलव की संगीतमय प्रस्तुति दी। जिसे उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, बच्चे सहित ग्रामीणों ने खूब सराहना किया। कार्यक्रम के संचालन मोहित शर्मा ने तथा आभार व्यक्त खिलावन चोपड़िया ने किया। अध्यक्षता जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने की। विशेष अतिथि जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जिला पंचायत दुर्ग की सभापति नीलम चंद्राकार, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, जनपद सभापति प्रणव शर्मा, जनपद सदस्य डॉक्टर घनश्याम कौशिक, जनपद सदस्य खेमलाल देशलहरे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक निषाद, सरपंच गैंदूराम वर्मा, पार्षद कमल देवांगन, बाबा वर्मा, सरपंच विनय चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, फुंडा सरपंच रोशन वर्मा सहित शिक्षक, बच्चे और ग्रामीण मौजूद थे।

### नवप्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेश उत्सव मनाया, किया पौधारोपण



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला कोलिहापुरी पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल कोलिहापुरी में नवप्रवेशी बच्चों का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। वहीं प्रवेश उत्सव में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग सरस्वती बंजारे, कार्यक्रम अध्यक्षा प्राचार्य रामकुमार साव, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य दुर्ग आशा विक्की मिश्रा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेंद्र दुबे, कोलिहापुरी सरपंच ईश्वर प्रसाद साहू, उपसरपंच भूपेंद्र यादव एवं ग्राम पंचायत कोलिहापुरी के पंच उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में बच्चों को अनुशासन में रह कर एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में रहकर पढ़ने को प्रेरित किये। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य साजी एंथोनी, मंशा, संजय साहू, सरिता साहू, सुनीति दुबे, प्रीति लता शर्मा, लक्ष्मी देवांगन, अनीता वर्मा, आरती चंद्राकर, पूर्णिमा ठाकुर, भावना, राखी चौधरी आदि उपस्थित थे।

# शाला प्रवेश उत्सव में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुपेला में मंगलवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम भिलाई नेता प्रतिपक्ष व पार्षद भोजराज सिन्हा, एसएमडीसी अध्यक्ष पुष्पलता, प्रभारी प्राचार्य देविता चक्रवर्ती, शिक्षाविद अनिल प्रसाद, शाला विकास समिति की अध्यक्ष किरण सिन्हा के थे। कक्षा छठवीं के बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया और नवमी के बच्चों को पुस्तक वितरण किया गया। सभी अतिथियों के द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कराकर एवं तिलक लगाकर शाला प्रवेश किया गया। इसके साथ ही मेधावी प्रतिभा सम्मान में कक्षा आठवी में प्रथम स्थान निशांत पटनायक 84.50 प्रतिशत, द्वितीय रीधिका साव 77.17, तृतीय लाकेश साहू 74, दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान गौरी शंकर प्रथम 87.50 प्रतिशत, युवराज द्वितीय 80.2, कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय शहनूर कौशर 84, द्वितीय राजा ठाकुर 72, 12वीं वाणिज्य संकाय प्रथम कृति वास 82 प्रतिशत, द्वितीय भूषण 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सभी बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन डॉ. संगीता चंद्राकर, नेक प्रभा देवांगन के द्वारा किया गया कार्यक्रम में शाला के सभी शिक्षक कविता जैन, सुष्मिता दास, शकुंतला गिरिया, वंदना जुलमें, वर्षा जोशी, अशोक बंधे, कुशवाहा, सुमन साव, सोनिया लूकस, सुपर्णा डे, लीना आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन करने की आज अंतिम तिथि




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी दिल्ली एवं एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय/ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 जून है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है, जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, स्टेनो हिंदी और फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स संचालित है। बीएम कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। आरक्षित वर्ग के लिए संस्था में छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश के लिए निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन बीएम आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में आकर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबसाइट- https://cgiti.admissions.nic.in/ है। विद्यार्थी फीस सुविधा अनुसार किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। बीएम कॉलेज, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत - बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित होता है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ओपन है।

### बच्चों को अच्छी शिक्षा देने शिक्षकों ने शुरू किया पुस्तकालय

# शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा नया पुस्तकालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा नगर में इन दिनों शिक्षकों ने मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जहां शहरों में पुस्तकालय में पढ़ने के लिए छात्र-छात्राओं को एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को हजारों रुपए खर्च करके पुस्तकालय का सुविधा मिल पाता है। वहीं धमधा नगर में सेवारत शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा एक समिति का गठन कर नींव पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं के अध्ययन के लिए उनकी 10वीं, 12वीं कोई भी कॉलेज या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का आसान माध्यम बन सकता है। वहीं पुस्तकालय में प्रत्येक बच्चे के लिए अलग कुर्सी टेबल और देश दुनिया के प्रख्यात कवियों, लेखकों को किताबें, मैगज़ीन तक उपलब्ध किया गया है। जिन बच्चों को पढ़ाई में आधुनिक सुविधा की आवश्यकता होती है उनके लिए कंप्यूटर और वाई फाई, इंटरनेट सुविधा भी दी गई है। वहीं इस समिति के संरक्षक शिक्षक बी रग्घू ने बताया कि एक विचार था मन की ग्रामीण इलाकों के जो निर्धन बच्चे है जिनमें पढ़ने की लगन तो है लेकिन आर्थिक स्थिति के चलते अच्छी किताबें या सुविधाएं नहीं मिल पाती जिसके अनुरूप हमने इस नींव पुस्तकालय की शुरुआत की। इस मौके पर नगर पंचायत धमधा के अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष सुनीता राजीव गुप्ता, ब्लॉक शिक्षा अधीकारी, निकेत ताम्रकार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा, विद्याभूषण ताम्रकार, शैलेंद्र दानी, विष्णु ताम्रकार आदि मौजूद थे।

#### बच्चों में शिक्षा के प्रति कौशल जागृत हो रही

इस पुस्तकालय में जवाहर नवोदय से लेकर यूपीएससी राज्य एवं केंद्र की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तक यहां उपलब्ध है और ऑनलाइन अतिशीघ्र बच्चों को काउंसिलिंग कर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष डीपी शर्मा ने बताया कि केवल दान-दाताओं के सहयोग से यह समिति ने इस पुस्तकालय की शुरुआत की है। इस बड़े मुहिम में किसी भी शासकीय राशि सहयोग के बिना इसका संचालन किया जा रहा है वहीं समिति के अध्यक्ष शर्मा ने सभी दानदाताओं का आभार जताया। इस पुस्तकालय में यदि किसी बच्चे को गणित, विज्ञान जैसे कोई भी विषय को लेकर किसी प्रश्न को लेकर कोई दिक्कत है उसे प्रशिक्षित शिक्षक के द्वारा हल करके बताया जाता है, समझाया और सिखाया जाता है जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति कौशल जागृत हो रही है।

# 25 में से 10 सरकारी विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटरों की पदोन्नति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीगसढ़ 15 विभागों में पदोन्नति चैनल निर्धारित कर डाटा एंट्री ऑपरेटरों को पदोन्नति दी जा रही है, लेकिन बाकी विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटर पदोन्नति से वंचित हैं। सभी विभागों में एकसमान पदोन्नति चैनल निर्धारित करने और पदोन्नत पद के समान समयमान-वेतनमान प्रदान करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। दोहरी नीति से वंचति कर्मियों में आक्रोश है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय कम्प्यूटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मचारी एसोसिएशन ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस पर सुनवाई हो रही है।

## हाईकोर्ट में शुरू हुई सुनवाई, पक्षकार से आठ सप्ताह में मांगा जवाब

### जानिए इस मामले में कोर्ट ने क्या कहा...

एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि होना तो चाहिए, देखिए एम्पलाई हर समय एक ही पोस्ट पर बिना किसी प्रमोशनल एवेन्यू के रहे तो ठीक नहीं है। कुछ न कुछ होना ही चाहिए उसके लिए भी। वो जिस पोस्ट में अपाइंट होगा उसी से रिटायर करेगा ठीक नहीं, कुछ तो मिले कुछ भी तो मिले।सरकार की तरफ से पेश हुए वकील से जज ने कहा कि देर से ही आईये पर सही से तो आईए, ऐसा नहीं होना चाहिए, देखिए किसी को भी ऐसा बोलिए कि आप जिस पोस्ट में अपाइंट हुए थे उसी से रिटायर होएगा, ठीक नहीं है। सरकारी वकील के इस केस को खारिज करने के तर्कों पर जज ने कहा कि आप रिप्लाई के साथ आईए, मैं इस केस को डिस्पोज ऑफ करने की जल्दी में नहीं हूं।



### डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने दायर की याचिका

10 विभागों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने दायर की याचिका छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय कम्प्यूटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मचारी एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष आशीष शर्मा और प्रांतीय सचिव केदार कहरा ने बताया कि डाटा एंट्री आपरेटरों के साथ लगातार हो रहे अन्याय को लेकर विगत कई वर्षों से शासन प्रशासन को पत्राचार किया जा रहा था, लेकिन पत्रों पर कोई कार्यवाही नहीं होने के कारण संघ के माध्यम से 10 विभागों के डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने एक साथ याचिका दायर किया है, जिसमें उच्च न्यायालय बिलासपुर ने शासन को नोटिस जारी करते हुए आठ सप्ताह में जवाब मांगा है।

### डाटा एंट्री ऑपरेटर कॉमन पद

एसोसिएशन का कहना है कि डाटा एंट्री ऑपरेटर का पद कोई विभाग विशेष का पद नहीं है जो केवल किसी एक विभाग में हो जिसके पदोन्नति का प्रावधान करने के लिए वह विभाग विशेष ही जिम्मेदार हो, डाटा एंट्री ऑपरेटर तो शासन के लगभग सभी विभागों में है, जिनकी शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता एकसमान है। एकसमान कार्य करते हैं तो फिर सरकार इनकी पदोन्नति के लिए एकसमान पदोन्नति चैनल निर्धारित क्यों नहीं किया गया है? यह डाटा एंट्री ऑपरेटरों के साथ अन्याय है। डाटा एंट्री ऑपरेटरों की योग्यताएं, प्रवेश स्तर पर ग्रेड वेतन, उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य एक समान हैं और इसलिए कुछ विभागों में डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए पदोन्नति चैनल होना तथा अन्य विभागों में कोई पदोन्नति चैनल न होना, भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप

### कुम्हारी में मिला नवजात का भ्रूण, पुलिस जांच में जुटी



**कुम्हारी।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 2 स्थित नया तालाब के किनारे मंगलवार को 5-6 माह के अज्ञात नवजात भ्रूण का शव मिलने से नगर में सनसनी फैल गई। स्थानीय पुलिस द्वारा बरामद अज्ञात शव की जानकारी वार्ड पार्षद डिकेश पटेल के द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया। इसके पश्चात नवजात भ्रूण के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कुम्हारी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक पकड़ाया



**भिलाई।** अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि खुर्सीपार स्थित आईटीआई मैदान के पास पेड़ के नीचे एक युवक द्वारा अश्लील वीडियो लोगों को दिखाने की सूचना पुलिस को मिली। खुर्सीपार पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची और युवक के हाथ से मोबाइल जब्त किया। पूछताछ करने पर अपना नाम युवक ने शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी दिलावर हुसैन बताया है। वीडियों दिखाना युवक ने स्वीकार किया। कार्रवाई में निरीक्षक वंदिता पनिकर की टीम का अह्म योगदान रहा है।

### कलामंदिर में सजी सुरों की महफिल



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता मंगलवार से महात्मा गांधी कला मंदिर में शुरु हुई। उद्घाटन समारोह में महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद तथा अभिजीत भौमिक विशिष्ट अतिथि थे। प्रतियोगिता में पहले दिन 126 पुरुष प्रतिभागियों ने हिंदी गायन में भाग लिया। निर्णायक मंडल वरिष्ठ कलाकार कीर्ति व्यास सहित सपन भट्टाचार्य, स्वाति पेंढारकर व सोनाली चक्रवर्ती शामिल थे। प्रशांत तिवारी ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन 20 वर्षों से निरंतर हो रहा है और यह बीएसपी की एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। प्रतियोगिता में कलाकार भालचंद्र शेगेकर, रविंद्र कर्मकार, भागवत साहू, बीबी परगनिहा, दिलीप शर्मा, साईं चक्रवर्ती, सतीश सिन्हा व देबब्रता मजुमदार ने संगत की। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन और सरजीत चक्रवर्ती ने किया।

### धनोरा में पौधारोपण



**दुर्ग।** ग्रामीण विधानसभा ललित चंद्राकर ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर धनोरा में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पौधे रोपे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, अहिवारा विधायक डॉ. डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, प्रिया साहू, जितेन्द्र यादव सहित अन्य मौजूद थे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## हरिभूमि अभियान का दिखा असर, ट्रैफिक पुलिस ने पढ़ाया नियमों का पाठ

# प्यार से समझाइश के बाद भी नहीं माने ई-रिक्शा चालक तो शुरू हुई चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि अभियान

हरिभूमि समाचार पत्र ने शहर में बढ़ती ई-रिक्शा व्हीकल संख्या और उनके द्वारा उड़ाई जा रही ट्रैफिक नियमों की धज्जियां को लेकर "साइलेंट व्हीकल, वायलेंट रफ्तार" अभियान चलाया था। इस अभियान को पाठकों जहां पाठकों ने सराहा तो वहीं रुंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बच्चे और ट्रैफिक पुलिस उन्हें समझाइश देने के लिए सड़कों पर उतरी।

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा खुद अपने अधिकारियों के साथ सुपेला चौक में ई-रिक्शा चालकों से मिलीं और उन्हें गुलाब का फूल देकर कहा कि वो ट्रैफिक नियमो का पालन करके सड़कों पर चलें। मंगलवार को प्यार से समझाइश के बाद भी जब ई-रिक्शा चालकों के द्वारा ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं, तो उन्होंने उनके खिलाफ कानून का डंडा चलाते हुए चालानी कार्रवाई की।

एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत यातायात नियम का पालन न करने वाले ई रिक्शा एवं ऑटो चालको पर उनके द्वारा चालानी कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने चौक चराहों पर बेतरतीब पार्किंग, रेड सिग्नल और बिना लाइसेंस ई-रिक्शा चलाते पाए जाने पर उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

**शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा की जांच की**





### अब तक 569 के खिलाफ की गई कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उनके द्वारा समय समय पर आटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाती रही है। 1 जनवरी 2025 से लेकर अब तक ट्रैफिक पुलिस ने 569 आटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चालानी व अन्य कार्रवाई की है।

### ट्रैफिक एएसपी ने दिए हैं ये निर्देश

- 1- ई-रिक्शा और ऑटो चालकों को नेमप्लेट के साथ वर्दी पहनना जरूरी।
- गाड़ी में क्षमता से अधिक सवारी नहीं बैठाना है।
- बिना लाससेंस वाहन नहीं चलाना है।
- यातायात नियम का पालन करना है, इसे लेकर चालकों को जानकारी दी जा रही है।
- रेड सिग्नल होने पर सर्विस लेन में वाहन नहीं खड़ा करना है।
- मानक से अधिक गति में वाहन नहीं चलाना है।
- वाहन चलाते समय नशा का सेवन नहीं करना है।
- आटो और ई-रिक्शा की पार्किंग सही और निर्धारित जगह पर ही करना है।

# बारिश में टाउनशिप के आवासों में अब सीपेज से मिलेगी राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बारिश के मौसम में अब बीएसपी टाउनशिप के आवासों में सीपेज की समस्या से राहत मिलने के आसार हैं। मकानों की छतों में वर्षों पुराने टार फेल्टिंग यानी डामरशीट की जगह वाटरप्रूफिंग एपीपी शीट का उपयोग शुरु किया गया है। इससे रहवासियों को सीपेज का सामना नहीं करना पड़ेगा।

टाउनशिप के आवास पचास साठ साल पुराने होने से बरसात में छतों से पानी का रिसाव होता है। प्रबंधन के मुताबिक आवासों में सीपेज आना एक सामान्य समस्या रही है। पहले इन छतों की मरम्मत के लिए टार फेल्टिंग प्रक्रिया का उपयोग किया जाता था, लेकिन यह तकनीक प्रभावी साबित नहीं हो रही हैं। अब इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए बीएसपी के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा अब टाउनशिप में छतों की मरम्मत के लिए एटैक्टिक पॉलीप्रोपाइलीन (एपीपी) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।एपीपी तकनीक उच्च गुणवत्ता वाली सीलिंग प्रक्रिया है, जिसमें विशेष रूप से विकसित पॉलीप्रोपाइलीन सामग्री का उपयोग कर छतों की वॉटरप्रूफिंग की जाती है। यह तकनीक टार फेल्टिंग की तुलना में अधिक प्रभावशाली है और लंबे समय तक चलने वाली भी है। एपीपी तकनीक बरसात के मौसम में रिसाव की समस्या को पूरी तरह समाप्त कर सकने में सक्षम है।

■ छतों में टार फेल्टिंग की जगह एपीपी तकनीक

### 275 मकानों में एपीपी

बीएसपी आवासों में एपीपी प्रक्रिया को नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनबीसीसी) द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी भी इसी संस्था को सौंपी गई है, जिससे काम की पारदर्शिता और टिकाऊपन सुनिश्चित हो सके। नगर सेवाएं विभाग द्वारा शुरु की गई एपीपी प्रक्रिया वित्तीय वर्ष 2024-25 में डेढ़ हजार मकानों की छतों की मरम्मत की गई। 275 आवास व बीएमडीसी सहित 9 शासकीय भवनों में यह कार्य पूर्ण हो चुका है। 1 हजार और मकानों को इस वित्तीय वर्ष में शामिल किया जाना प्रस्तावित है।

# सेक्टर-5 के रहवासियों की बेदखली की तैयारी, पीड़ित मिले एडीएम से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-5 में बीएसपी के 24 यूनिट के आवासों में निवासरत परिवारों को बेदखली की तैयारी है। बीएसपी ने उक्त आवासों को डैमेज की श्रेणी में एकतरफा डाल दिया है। इसके बाद रहवासियों की बेदखली की कार्रवाई होनी है।

वर्तमान में लगातार बारिश का मौसम चल रहा है, जिससे जनजीवन पहले से ही प्रभावित है। ऐसी विषम परिस्थिति में कुछ परिवारों को उनके अस्थाई, स्थाई आवासों से बेदखल किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही है, जो कि मानवीय दृष्टिकोण से अत्यंत ही अनुचित है। इसे लेकर प्रभावित लोगों ने भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव से मामले की शिकायत की। इसके बाद देवेंद्र ने अपनी प्रतिनिधि के रूप में भिलाई निगम के एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू को कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात के लिए भेजा। प्रभावित परिवार की महिलाएं भी इस दौरान कलेक्ट्रेट पहुंची। उन्होंने बारिश के समय बेदखली की कार्रवाई ने केवल प्रभावित परिवारों को खुले आसमान के नीचे लाकर खड़ा कर देगी, बल्कि इससे बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं की सुरक्षा व स्वास्थय पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न को सकता है। राजू ने कहा कि वर्षा ऋतु समाप्त होने तक किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। बीएसपी के अधिकारियों को इस विषय में निर्देशित किया जाए कि मानवीयता को दृष्टिगत रखते हुए ऐसी कोई कठोर कार्यवाही न करें। इसे लेकर एडीएम को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



■ भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू

## नीट में सलेक्शन के लिए मेधावी छात्रा को विधायक ने दी 21 हजार की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में मंगलवार को नवप्रवेशित बालिकाओं को तिलक लगा विधायक रिकेश सेन ने पाठ्य-पुस्तक का वितरण किया। रिकेश ने कहा कि सभी शासकीय स्कूलों को लगातार डेवलप कर शिक्षण के उपयुक्त संसाधन मुहैया कराना प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता है। नतीजतन हर स्कूल कैंपस को बेहतर बनाते हुए प्रैक्टिकल लैब, लायब्रेरी सहित लगातार शिक्षा व्यवस्था को उन्नत बनाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में वो सभी नित नये आयाम गढ़ते हुए अपने बेहतर जीवन की आधारशिला अवश्य मजबूत करें। उन्होंने स्कूल की होनहार छात्रा ट्विंकल शर्मा को 21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भेंट की। ट्विंकल ने एनईईटी 2025 में 98.52 फीसदी अंक प्राप्त कर 524वीं रैंक हासिल किया है। ट्विंकल ने 10वीं बोर्ड में 96 और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम में प्राचार्य संगीता बघेल सहित अन्य मौजूद थे।



■ ट्विंकल ने एनईईटी में 98 .52 अंक प्राप्त कर 524 वीं रैंक हासिल की

# बीएसपी में मेन पावर क्राइसेस भुगत रहे दोतरफा खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एशिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर क्राइसेस बढ़ता जा रहा है। इसका दोतरफा खामियाजा कार्मिकों और संयंत्र को भुगतना पड़ रहा है। बीएसपी में लंबे समय से नए कर्मियों की भर्ती मंद है और कर्मचारी तेजी से रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते तीन साल में संयंत्र आधा खाली हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि बीएसपी में मेन पावर की किल्लत से कर्मियों अधिकारियों के साथ ठेका मजदूरों को भी परेशानी हो रही है। पिछले दो दशक से सेल में नए कर्मियों की भर्ती कम हो रही है वहीं दूसरी ओर नियमित कर्मचारी और अधिकारी तेजी से रिटायर हो रहे हैं। इनकी जगह ठेका मजदूरों की तादाद साल दर साल बढ़ रही है। यूनियनों के मुताबिक मेन पावर कम होने से वर्कर्स पर वर्कलोड बढ़ रहा है। कई अनुभागों में नियमित कर्मियों की संख्या बहुत कम रह गई है,जहां कार्यरत कर्मियों के साथ ठेका मजदूरों पर भी वर्क लोड बढ़ रहा है और दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। वर्तमान में बीएसपी में मात्र दस हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। अधिकारियों की संख्या भी मात्र तेइस सौ बच गई है। वहीं ठेका श्रमिकों की संख्या 24 हजार पहुंच गई है। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि सत्तर के दशक में बीएसपी में साठ हजार से अधिक नियमित कर्मी थे,आज मात्र दस हजार बच गए हैंष जबकि उत्पादन कई गुना बढ़ गया है। मेन पावर कम होने से वर्कर्स पर काम का दबाव बढ़ रहा है।

### कैसे होगा उत्पादन का लक्ष्य पूरा

मेन पावर होने से बीएसपी का उत्पादन लक्ष्य गड़बड़ा सकता है। सेल का 31 मिलियन टन लक्ष्य पूरा करने के लिए बीएसपी ने अपना उत्पादन का लक्ष्य 11 मिलियन टन कर रखा है। इसी तरह भर्ती नहीं होने व तेजी से रिटायर होने से मेन पावर कम हो होने से बीएसपी के साथ सेल का भी उत्पादन टार्गेट मुश्किल होगा। यूनियन के मुताबिक 2028 तक बीएसपी में मात्र चार हजार से कम कर्मचारी बच जाएंगे। प्लांट कम्यूटराइज होने के बाद भी प्लांट को चलाने के लिए एक तिहाई मेने पावर की जरुरत पड़ेगी।

■ कम हो रहे नियमित कर्मी व बढ़ रहे ठेका मजदूर

## गोकुल नगर में लगेगा बायो गैस प्लांट

# गोबर से गैस बनाएगा भिलाई निगम, जगह तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम अब गोबर से घरेलू गैस उत्पादन करने जा रही है। इसके लिए गोकुल नगर में बायो गैस प्लांट लगाएगा। गोकुल नगर क्षेत्र में मवेशी पालक गोबर को यूं ही फेंक रहे हैं। अव्यवस्थित बिखरे गोबर के सही उपयोग हेतु बायो गैस प्लांट की स्थापना किये जाने के संबंध में आयुक्त राजीव पांडेय, समाज सेवी गौ सेवक शिशिर तमोटिया एवं जोन आयुक्त के साथ निरीक्षण किया।

■ 6 हजार किलो कैलोरी की होगी हीट वेल्यू



### एलपीजी ईंधन से हल्की गैस, दुर्घटना की संभावना कम

शिशिर तमोटिया ने बताया कि मैं यह प्लांट स्वयं के व्यय से स्थापित कर संचालित करने के लिए इच्छुक हूं। इसको लगाने से शहर वासियों को बहुत सारे फायदे होंगे। यह बायो गैस "पाईप नेच्युरल गैस" (पी.एन.जी.) है। यह घरेलू एलपीजी ईंधन से हल्की होती है। जिसका हीट वैल्यू 6000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से किसी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना नहीं होती है और स्वास्थ्य के अनुकुल है। जबकि एलपीजी गैस वजन में अधिक होती है, जिसका हीट वैल्यू 13000 किलो कैलोरी/केजी होती है। इसके उपयोग से दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

### भू आवंटितों को पैसा जमा करने नोटिस

गोकुल नगर में गौ पालन हेतु भूमि आबंटित किया गया था, जिसकी राशि आबंटितों द्वारा अब तक निगम कोष में जमा नहीं किया गया है। उन्हे राशि जमा करने नोटिस भी जारी किया गया है। आबंटित भूमि की राशि जमा नहीं करने पर निगम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी आबंटितों की होगी। भ्रमण के समय गौ पालकों से इस संबंध में चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता अर्पित बंजारे, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 25 जून 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

आउटडोर शो

लाइव इवेंट

## दिगंबर जैन पंचायत के दोबारा अध्यक्ष बने ज्ञानचंद पाटनी



**दुर्ग।** श्री दिगंबर जैन पंचायत के चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों के निर्वाचन को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि बिना किसी चुनाव के सर्वसम्मति से निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद वर्तमान पदाधिकारियों को ही दोबारा चुने जाने को लेकर प्रस्ताव चर्चा के लिए रखा गया। इस पर सभी ने सहमति दी। एक स्वर में सभी पुराने पदाधिकारियों को चुन लिया गया। सभी पदाधिकारियों के दोबारा निर्वाचन को लेकर घोषणा की गई। इसमें अध्यक्ष ज्ञानचंद पाटनी, उपाध्यक्ष सुरेश जैन, मंत्री संदीप लोहाड़िया, उप मंत्री रमेश सेठी, कोषाध्यक्ष महेंद्र पाटनी शामिल हैं। समाज के सभी सदस्यों ने पदाधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई दी। समाज के सभी सदस्यों का सभी पदाधिकारी ने आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि वे ये विश्वास दिलाते हैं कि चातुर्मास में भी आप सभी का इसी प्रकार सहयोग एवं आशीर्वाद मिलता रहे, तो एक अच्छा और बेहतर कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## रोटरी क्लब की बैठक में पदाधिकारियों की दी गई जिम्मेदारी, एक को शपथ ग्रहण



**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर डिस्ट्रिक्ट के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक स्मृतिनगर स्थित एक निजी होटल में हुई। बैठक में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल के विजन पर चर्चा कर सदस्यों को जानकारी दी गई। आगामी वर्ष के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, सचिव निकेत मेहता, कोषाध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल एवं अन्य बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं क्लब की देखरेख में आगामी वर्ष की कार्य प्रणाली, कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि इस वर्ष की थीम यूनाइट फॉर गुड है। चयनित सदस्यों का उनके ग्रुप, पद एवं जिम्मेदारियों के बारे में विशेष चर्चा की गई। संदीप अग्रवाल ने बताया कि आगामी वर्ष क्लब का फोकस एरिया क्लब के आगामी प्रोग्राम्स, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, हाईजीन व्यवस्था, क्लब के सर्विस प्रोजेक्ट को और बेहतर करने की दिशा में होगा। क्लब मीटिंग में 32 रोटेरियन सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई।

- तीन प्रदेशों के पदाधिकारी और मेंबर्स शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

### 1 जुलाई को प्रांतपाल का शपथग्रहण समारोह

क्लब के नितिन जैन ने बताया कि 1 जुलाई को छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा के प्रांतपाल का शपथग्रहण समारोह रायपुर में आयोजित है। इसमें सभी मेंबर्स शामिल होंगे। 400 से अधिक रोटेरियंस को आमंत्रित किया गया है। प्रांतपाल अमित जायसवाल के इस शपथग्रहण समारोह के अलावा रोटरी क्लब के नवमनोनीत अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष का प्रशिक्षण शिविर भी होगा।चेयरमैन पंकज माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से सोमनाथ अग्रवाल, अजय खंडेलवाल, सुशील रामदास अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। प्रशिक्षण शिविर आगाज-मित्रता नाम से आयोजित है। सुबह 10:30 बजे से शपथ ग्रहण समारोह शुरू होगा। मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल के निदेशक एम. मुरुगणडम होंगे।

लाइव इवेंट

## डॉ. नीरज चौबे को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए कोहिनूर अवार्ड



**दुर्ग।** श्री दिगंबर जैन पंचायत के चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों के निर्वाचन को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि बिना किसी चुनाव के सर्वसम्मति से निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद वर्तमान पदाधिकारियों को ही दोबारा चुने जाने को लेकर प्रस्ताव चर्चा के लिए रखा गया। इस पर सभी ने सहमति दी। एक स्वर में सभी पुराने पदाधिकारियों को चुन लिया गया। सभी पदाधिकारियों के दोबारा निर्वाचन को लेकर घोषणा की गई। इसमें अध्यक्ष ज्ञानचंद पाटनी, उपाध्यक्ष सुरेश जैन, मंत्री संदीप लोहाड़िया, उप मंत्री रमेश सेठी, कोषाध्यक्ष महेंद्र पाटनी शामिल हैं। समाज के सभी सदस्यों ने पदाधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई दी। समाज के सभी सदस्यों का सभी पदाधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

● सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना : घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार की बिजली बनाने की प्लानिंग

# सूर्य की रोशनी से 1 किलो वाट तक बिजली बनाने का प्लांट लगाने पर मिलेगी 45 हजार की सब्सिडी, बिजली बैंक भी होगा तैयार

दुर्ग, भिलाई सहित जिले के करीब 10 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें बिजली कंपनी से महंगी बिजली नहीं खरीदनी पड़ेगी। घर बैठे ही वे अपने घर में ही सूर्य की रोशनी से बिजली बना सकते हैं। इसके लिए राज्य और केंद्र सरकार से उन्हें सब्सिडी भी मिलेगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों की मानें तो सब्सिडी इतनी अधिक है कि आपको को सोलर प्लांट लगाने में जितना खर्च आएगा, उतनी की सब्सिडी सरकार से मिल जाएगी। महज थोड़े पैसे लगाकर ही सोलर प्लांट लगाकर घर बैठे ही आप बिजली तैयार कर इसका घरेलू उपयोग कर सकते हैं। इसे लेकर शहरी क्षेत्रों में तैयारी भी शुरू कर दी गई है। अब तक 5 हजार से ज्यादा लोगों ने इसके लिए आवेदन भी किया है, जिसमें 40 प्रतिशत से ज्यादा आवेदनों को मंजूरी भी मिल चुकी है।

**भिलाई।** सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर मंगलवार को भिलाई निगम के सभागार में बैठक भी हुई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया किस प्रकार से हम सब अपने घरो में सोलर पैनल लगाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। सोलर पैनल के माध्यम से घरों में आने वाले प्रतिमाह बिजली बिल को हाफ किया जा सकता है। इसके लिए सरकार द्वारा सब्सिडी भी प्रदान किया जा रहा है। जैसे 1 किलो वाट में केन्द्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार एवं 2 किलो वाट में केन्द्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार तथा 3 किलो वाट में केन्द्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार तक का सब्सिडी दिया जाता है। निगम के अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा ने बताया कि मैने अपने घर पर सोलर पैनल लगवाया है, पहले प्रतिमाह मेरे घर का बिजली बिल 4 हजार तक आता था, अब सोलर पैनल लगाने पर 2 हजार से भी कम आ रहा है। इसके लगने से मुझे आर्थिक लाभ मिल रहा है, साथ ही पर्यावरण के अनुकुल कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। आयुक्त राजीव पाण्डेय ने कहा कि यह शासन की बहुत महत्वकांक्षी योजना है, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने घर में लगाकर इसकी शुरुआत करनी चाहिए। शासकीय कार्यालयों में भी सोलर पैनल लगवाकर बिजली बिल में कमी की जाए। निगम भिलाई के निवासियो, जनप्रतिनिधियो, वार्ड पार्षद, हाउसिंग सोसाइटी, कालोनियों आदि में जाकर इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इधर जिला प्रशासन ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर वेंडरों के साथ बैठक की। बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में ज्यादा से ज्यादा सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने का लक्ष्य मिला रखा गया है। बताया गया कि 1 किलोवाटर में 19 से 23 प्रतिशत यानी करीब 4.8 यूनिट बिजली तैयार की जा सकती है, जिसका उपयोग रात में बिजली खपत के दौरान किया जा सकता है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को क्षमता के अनुसार मुफ्त बिजली मिलेगी।



### जानिए सूर्यघर बिजली योजना के बारे में

इस योजना के तहत रूफ टॉप सोलर पैनल लगाने वाले परिवारों को 15 हजार रुपए की सालाना आमदनी भी होगी। इस योजना में हर परिवार के लिए औसतन 2 किलोवाट तक के सोलर प्लांट के लिए सब्सिडी दी जाएगी। प्लांट के लिए सस्ते बैंक लोन की व्यवस्था की जा रही है। बैंक रेपो रेट से केवल 0.5% ज्यादा ही ब्याज वसूल सकेंगे। हालांकि राज्य सरकार ने भी सब्सिडी की घोषणा कर दी है। इससे उपभोक्ता को और अधिक फायदा होगा। योजना के लिए सरकार ने पीएम सूर्यघर नेशनल पोर्टल लॉन्च किया है। इसे लगवाने के लिए कंज्यूमर पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। यहां आपको अपना कंज्यूमर नंबर, नाम, पता और कितनी कैपेसिटी का प्लांट लगाना है जैसी जानकारियां भरनी होंगी। आधार कार्ड, निवास प्रमाणपत्र, बिजली का बिल, आय प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो, राशन कार्ड जमा कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

### योजना से जुड़ने वालों के घर लगेंगे नेट मीटर

बिजली कंपनी के मुताबिक इस योजना से जुड़ने वाले उपभोक्ता के घर सामान्य मीटर हटाए जाएंगे, उनकी जगह नेट मीटर लगाए जाएंगे। इसके लिए पंजीकृत वेंडर अधिकृत किए गए हैं। 3 किलोवाट तक के लिए सीधे ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन और पात्रता के आधार पर बिना किसी सत्यापन के सीधे अक्षय ऊर्जा संयंत्र लगाए जा सकेंगे। इसके बाद डिस्कॉम नेट मीटरिंग इंस्टॉल कर देगी तो इसका प्रमाण और सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद सरकार कंज्यूमर के अकाउंट में डीबीटी के तहत सब्सिडी की पूरी राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। हर महीने औसतन 450 यूनिट बिजली 1 किलोवाट में तैयार की जा सकेगी। आप इस बिजली का इस्तेमाल कर सकते हैं। बची हुई बिजली नेट मीटरिंग के जरिए वापस चली जाएगी और आपको इस बिजली का पैसा भी मिलेगा। या इसे समायोजित किया जाएगा। अतिरिक्त बिल आने पर सामान्य टैरिफ से ही चार्ज किया जाएगा।



### ऐसे मिल सकेगी सोलर ऊर्जा से तैयार बिजली

सोलर ऊर्जा से तैयार बिजली के उपयोग के लिए एक सिस्टम काम करेगा। सोलर ऊर्जा और बिजली कंपनी की सप्लाई बिजली सिग्नोनाइज (जोड़ा) जाएगा। जरुरत के हिसाब से बिजली सप्लाई होगी। पहले सोलर ऊर्जा संयंत्र के जरिए तैयार बिजली की सप्लाई होगी, जरुरत पड़ने पर ही बिजली कंपनी से सप्लाई होने वाली बिजली उपयोग में लाई जा सकेगी। बिजली कंपनी इसकी मॉनीटरिंग भी करेगी। ताकि उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

## हर व्यक्ति में टैलेंट, बस नशे की संगति से रहे दूर : एसएसपी

**भिलाई।** समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था कल्याणी सोशल रिसर्च एंड वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल थे। विजय अग्रवाल ने कहा कि हर व्यक्ति में प्रतिभा और टैलेंट होता है, और हमें अपने आत्मविश्वास को बढ़ाकर समस्याओं का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगति का प्रभाव बहुत गहरा होता है। हमें ऐसी संगति से दूर रहना चाहिए जो नशे की ओर ले जाए। विजय अग्रवाल ने कहा कि आप अपनी जिंदगी एक ब्रांड एंबेसडर की तरह जिएं, क्योंकि आप भी इस समाज का हिस्सा हैं। अगर आपको किसी प्रकार की समस्या है, तो समाधान के रास्ते पर चलिए, नशे की राह पर नहीं। विजय अग्रवाल ने यह भी कहा कि अगर कल्याण नशा मुक्ति केंद्र से कोई रोगी ठीक होकर जाता है, तो वह ट्रैफिक वार्डन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी का जीवन अनमोल है। जीवन जीने के लिए मिला है, नशा करने के लिए नहीं। संस्था के निदेशक अजय कल्याणी ने कहा कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस को पखवाड़े के तौर पर मनाया जा रहा है। इस पूरे सप्ताह कल्याणी संस्था व पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध नशीली दवाओं के व्यापार के खिलाफ विभिन्न स्थल, स्कूलों व अभिभावकों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

- अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर कार्यक्रम




## छत्तीसगढ़ के पद्मेश जैन को राष्ट्रीय दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक

**भिलाई।** दुर्ग के पद्मेश जैन को राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 के आयोजन में स्वर्ण पदक एवं डिग्री से सम्मानित किया गया। यह सम्मान विज्ञान भवन नई दिल्ली में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सानिध्य में आईसीएमएआई के उच्च पदस्थ अधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। पद्मेश जैन ने पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य को गौरवान्वित किया है। साथ ही उन्होंने ऑल इंडिया रैंकिंग में 25वीं रैंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। उनके इस विशिष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें राष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। पद्मेश अपनी माता श्रीमती मंजू देवी के साथ यह सम्मान ग्रहण करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। समारोह में देशभर से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया था सभी विद्यार्थियों को पंजीकरण उपरांत एक सम्मान किट प्रदान की गई।



ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में संस्था की प्रथम प्रशासिका ओम राधे की पुण्यतिथि का आयोजन

कार्नर न्यूज

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज 140 से ज्यादा सेवा केंद्रों के जरिए आत्माओं के जीवन, सुख, शांति से भरपूर स्वराज्य की स्थापना के लिए प्रयासरत

**दुर्ग।** ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में मंगलवार को संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका ओम राधे की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दुर्ग संचालित समस्त सेवाकेन्द्रों से 500 से भी अधिक संख्या में भाई-बहनें कार्यक्रम में शामिल हुईं। सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मौन धारण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर विस्तार से जानकारी देते हुए संचालिका रीटा बहन ने बताया कि 1936 में अविभाजित भारत के करांची, सिंध, हैदराबाद में दादा लेखराज जो कि सिंधी समाज के प्रतिष्ठित व ख्यातिनाम जौहरी थे। उनके साकार तन में निराकार परमपिता परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण हुआ, जिन्हें परमात्मा ने दिव्य कर्तव्य हेतु दिव्य नाम प्रजापिता ब्रह्मा दिया। कलियुगी सृष्टि के विनाश व सतयुगी सृष्टि का दिव्य साक्षात्कार कराया। इसी समय ओम मंडली के नाम से संस्था की शुरुआत हुई। उस समय इस दिव्य कर्तव्य को पूर्ण करने अनेक भाई बहनें ने इस कार्य हेतु अपना सर्वस्व समर्पण कर परमात्म कार्य में सहयोगी बने। इसी समय एक छोटी कन्या जिनका नाम ओम राधे था, उनका भी इस ओम मंडली में आगमन हुआ। उन्हें परमात्मा ने दिव्य नाम जगदंबा सरस्वती दिया व सभी बच्चे उन्हें मम्मा नाम से संबोधित करते थे।





### अल्पायु में मातृत्व पालना का ऐसा गुण कि खुद की मां भी मां कहतीं

रीटा बहन ने बताया कि अल्पायु में मातृत्व पालना का ऐसा गुण था, जिसके कारण उनको जन्म देने वाली मां भी उन्हें मम्मा कहती थीं। मम्मा कुशाग्र बुद्धि की धनी और परमात्मा के हर आज्ञा को शिरोधार्य कर उनका स्वरूप बनने का प्रत्यक्ष सबूत दिया। परमात्म कार्य में सभी सहयोगी आत्माओं की दिव्य पालना कर उन्हें दिव्य गुणों से भरपूर किया। कहा जाता है आधार सशक्त व मजबूत हो तो संपूर्ण संरचना भी सशक्त होती है। संस्था की प्रथम प्रशासिका के दायित्व का दैवी गुणों के द्वारा ऐसा सिंचित किया, जो ओम मंडली संस्था कालांतर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नाम से विश्व व्यापी हो विशाल वटवृक्ष की भांति विश्वभर में फैल गई।

### 5 महाद्वीप के 140 केंद्रों में दिया जा रहा ईश्वरीय संदेश

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि विश्व के पांच महाद्वीपों में 140 से भी अधिक सेवाकेन्द्रों के द्वारा ईश्वरीय संदेश दिया जा रहा है। अनेक आत्माओं के जीवन, सुख, शांति, समृद्धि से भरपूर कर नवीन दैवी स्वराज्य की स्थापन में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। श्रद्धा सुमन अर्पित करने इस आयोजन में शहर से अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। आये हुए भाई-बहनों ने मातेश्वरी की दिव्य शिक्षाओं को जीवन में धारण कर परमात्म के कार्य में सहयोगी बन औरों को भी सहयोगी बनाने का श्रेष्ठ संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने राजयोग भी किया। मेडिटेशन के दौरान ध्यान और इससे होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी गई।

## सिटी इवेंट

# तनाव मुक्त रहने लोगों ने सीखा ध्यान, किया शांति का अनुभव



**भिलाई।** पंचशील पंजाबी समाज और चैंबर आफ कॉमर्स के संयुक्त प्रयास से सामाजिक गतिविधियों का विस्तार करते हुए पंजाबी भवन सेक्टर 5 में एक दिवसीय हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 27 लोगों ने हार्टफुलनेस तनाव मुक्ति प्रक्रिया के साथ ध्यान का अनुभव लिया। छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि यह ध्यान सत्र तनाव मुक्त जीवन व्यतीत करने की राह में मददगार साबित हुआ। उपस्थित करीब 100 लोगों को अपनी जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं समझ में आईं। पंचशील पंजाबी समाज के अध्यक्ष नरेश खोसला ने बताया कि यह ध्यान सत्र भविष्य में माह में एक बार आयोजित किया जाएगा। पंजाबी समाज की ओर से सुभाष गुलाटी, दीपक भाटिया, अरुण हांडा, नवीन कौरा, राम ओबेरॉय और हरीश सहगल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस शिविर में वालंटियर के तौर पर मलिक, हिना, जयप्रकाश, शिवलता, परेश, संतोष, अंकुश, अनन्या, आर्य और दीपाली ने प्रभावी भूमिका निभाई। अंत में अध्यक्ष नरेश खोसला ने आयोजन के लिए ध्यान समूह का आभार व्यक्त किया।

- **पंचशील पंजाबी समाज और छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कॉमर्स का संयुक्त आयोजन हुआ सेक्टर-5 में**

## समाज इवेंट

# स्कूली बच्चों ने चित्रकला स्पर्धा में दिखाया योग का महत्व, दिखा उत्साह




**भिलाई।** स्काउट-गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से सभी स्थानों में योग दिवस को कुशलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिला कमिश्नर स्काउट एव प्राचार्य भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 विजय सिंह पवार में छात्रों को योग का महत्त्व समझाकर उन्हें अपने दैनिक जीवन मे योग को शामिल करने, प्रेरित किया। जानकारी देते हुए व्याख्याता डी. ओ. सी और सत्यनारायण साहू ने बताया कि भिलाई शिक्षा विभाग के तत्वावधान में वर्ष भर स्काउट गाइड की गतिविधियां सक्रिय रूप से संचालित होती रहती है। अभी मई महीनें में एक माह तक राज्यपाल और राष्ट्रपति पुरुस्कार के लिए छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। इस बार ग्रीष्मकालीन शिविर में छात्रों की बहुत बड़ी संख्या ने भाग लिया।

## सिटी लाइव

# कर्म शिरोमणि पुरस्कार से बीएसपी कर्मी सम्मानित, मिला पत्नी के नाम प्रशंसा पत्र



**भिलाई।** नगर सेवा विभाग अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग के इंजीनियरिंग एसोसिएट नितिन कुमार कश्यप, जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट बल्देव सिंह और संतोष कुमार को मार्च, अप्रैल और मई माह के कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जिसमें इन तीन महीनें में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिक को विभाग प्रमुख द्वारा प्रशस्ति पत्र एक गिफ्ट तथा पत्नी के नाम प्रशंसा पत्र सहित मिठाई कूपन दिया जाता है।इनको यह पुरस्कार टाउनशिप में पानी सप्लाई एवं 30 एम एल डी जाने वाली सीवरेज लाइन में किए जाने वाले मरम्मत कार्य में उल्लेखनीय योगदान करने के लिए दिया गया है। नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक विष्णु पाठक, उप महाप्रबंधक डीसी सिंह, सहायक महाप्रबंधक पी एल साहू, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद भोंडेकर, प्रबंधक आर के सिंह, उपप्रबंधक मनोज सिंह सहित जन स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्मिकों ने इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी है। इस दौरान पत्नी के नाम प्रशंसा पत्र सहित मिठाई कूपन प्राप्त कर घर की महिलाओं ने भी खुशियां जाहिर की।

- **इंजीनियरिंग एसो. और जूनियर इंजी.एसोसिएट ने किया उत्कृष्ट कार्य**

# चेंबर प्रतिनिधियों ने बस्तर का किया दौरा

**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन व्यापार की संभावनाओ को तलाशने, सही दिशा व दशा प्रशस्त करने के लिए पूरे दल के साथ बस्तर का दौरा किया। भसीन ने जानकारी देते हुए बताया कि चेम्बर के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा था कि हम बस्तर को नक्सल से मुक्त करेंगे। अपने इस कथन को चरितार्थ करते हुए चेम्बर का दल बस्तर में व्यापार की संभावनाओ को तलाशने जगदलपुर में सीए प्रतिनिधि दल से मिला। कृषि और वनोपज का संग्रहण, पारंपरिक शिल्प और कला, लघु और कुटीर उद्योग, और खनिज संपदा की जानकारी ली। चेंबर प्रतिनिधियों ने जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय से भी मुलाकात की।

● ओडिशा कटक से मंगाया गुंडिचा मंडप के डेकोरेशन का सामान, रथयात्रा की तैयारी अंतिम चरण में

# गुंडिचा मंडप में लगेंगे विश्वप्रसिद्ध पिपीली आर्ट के सजावटी सामान, ओडिशा से आए तीन नए वस्त्र धारण करेंगे महाप्रभु

**भिलाई। महाप्रभु जगन्नाथ के रथयात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। सेक्टर 4 मंदिर में महाप्रभु का रथ नए सिरे से पूरी तरह तैयार हो चुका है, बस अब उनके नेत्र खुलने का इंतजार भक्त कर रहे है। ट्विनसिटी उत्कल समाज के सभी मंदिरों में कल यानी गुरुवार को नेत्रोत्सव मनाया जाएगा, जिसकी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। 27 जून को सभी स्थानों से भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। सेक्टर 4 जगन्नाथ मंदिर के महाप्रभु इस बार कटक उड़ीसा से स्पेशल तीन नए वेश जगराज वेश, स्वर्ण वेश, राम बलराम वेश धारण करेंगे तो वही सेक्टर 10 में बने गुंडिचा मंडप में इस बार लगने वाला पारंपरिक सजावटी सामान जगन्नाथ पुरी के पिपिली गांव से मंगाया गया है जो गुंडिचा मंडप व रथ की शोभा बढ़ाने के साथ ही भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।**



## काढ़ा और गर्म पानी पी रहे महाप्रभु

ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर स्नान के बाद बीमार हुए महाप्रभु का अभी इलाज चल रहा है। सेक्टर 4 व सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में वैद्य रोज महाप्रभु की नाड़ी देख रहे हैं और औषधियां और गर्म पानी दे रहे हैं। उन्हें औषधीय काढ़े, दशमूलारिष्ठ, सलाद और खिचड़ी दी जा रही है। महाप्रभु के सेवादारों के अनुसार इससे भगवान के स्वास्थ्य में काफी सुधार चुका है। कल महाप्रभु पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएंगे और नेत्र खोलेंगे। इसी खुशी में गुरुवार की शाम को नेत्रोत्सव का पर्व मनाया जाएगा और 27 जून को तीनों भाई-बहन नगर भ्रमण करने रथयात्रा पर निकलेंगे।



## रस्सी के साथ रथ को कंट्रोल करने किया मॉडिफाई

शहर में जगन्नाथ यात्रा की इस वर्ष 27 जून को धूम रहेगी। महाप्रभु के रथ की तैयारी अंतिम चरणों में है। सेक्टर 4 श्री जगन्नाथ मंदिर के रथ की भक्तों के इनोवेशन का नायाब नमूना है। रस्सी से खींचे जाने वाले इस रथ में बकायदा स्टेरिंग जैसे एक पार्ट भी बनाया हुआ है, जिसे हाथ और पैर के सहारे उपयोग किया जाता है। इस रथ को बीएसपी से रिटायर्ड कर्मी वृंदावन स्वाई व निरंजन महाराणा ने तैयार किया है। बचपन से ही इस मंदिर से जुड़े वृंदावन बताते हैं कि पहले लकड़ी का रथ हुआ करता था, लेकिन अब इसे मोडिफाई कर दिया गया है। इतना ही नहीं रथयात्रा पूरी होने के बाद इस रथ के पूर्जे-पूर्जे अलग हो जाते हैं और एक छोटे से कमरे में सहेज कर रख दिए जाते हैं। वृंदावन स्वाई महाप्रभु के वस्त्रों को तैयार करने सहित अन्य कार्य निशुल्क सेवाभाव से करते आ रहे है।

**पुरी के ओडिशा के विश्वप्रसिद्ध पिपीली आर्ट से होगा डेकोरेशन**

पुरी के पीपली गांव से रथ व गुंडिचा मंडप के छत पर कारीगरों दवरा विशेष नक्काशी से बना हुए सजावटी सामान इस बार सेक्टर 4 के रथ व गुंडिचा मंडप की शोभा बढ़ाएगा। सेक्टर 4 के मंदिर के महासचिव सत्यवान नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार महाप्रभु जगन्नाथ के लिए कटक उड़ीसा से तीन नए वेश व वस्त्र सहित गुंडिचा मंडप में लगाने विश्वप्रसिद्ध विशेष नक्काशी पिपिली आर्ट के सजावटी सामान उड़ीसा मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार कटक से तीन नए वेश गजराज वेश, स्वर्ण वेश और राम बलराम वेश भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जिसमें से गजराज वेश पूर्णिमा स्नान पर धारण कराया जा चुका है और स्वर्ण वेश रथ यात्रा की वापसी के बाद श्री मंदिर के बाहर रथ पर आरुढ़ महाप्रभु का स्वर्ण वेश में श्रृंगार किया जाएगा। 12वीं सदी की प्रसिद्ध पिपिली की कला रथयात्रा के लिए विश्वप्रसिद्ध पिपीली गांव के कारीगर यहां से तैयार कर पिपिली नक्काशी से बने सजावटी सामान सभी स्थानों में भेजा जाता है। पुरी जिले के गांव पिपिली में कई घरों में पुरुष और महिलाएं कपड़े पर पिपिली नक्काशी का काम कर हाथ से कढ़ाई कर सजाते हैं।

## सम्मान समारोह...

# 10वीं व 12वीं के प्रतिभाशाली बच्चों को किया प्रोत्साहित, पौधारोपण करने की अपील



**भिलाई।** आरोहण वेल्फेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में अम्बेडकर भवन सेक्टर 6 भिलाई नगर में छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए प्रतिभाशाली 90 प्रतिशत से अधिक 10वीं और 12वीं के छात्रों-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान देकर आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को अपने जीवन काल में कम से कम 10 पौधा लगाने पर अपील की गई। जिसको सभी ने स्वीकार किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नेहरु राम निषाद ने कहा कि इस बात का प्रमाण है कि शिक्षा खेल और व्यवसाय के क्षेत्र में निषाद समाज के युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्रयाथियों को बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित विशेष अतिथि कोमल निषाद ने कहा कि हमारे निषाद समाज के बेटी-बेटा पढ़ाई करके आगे बढ़े और समाज का नाम रोशन करें और तथा हर इंसान को स्वैच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर उसके संरक्षण का दायित्व निभाना चाहिए। ताकि हम गंभीर बीमारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं को कम करने में सहायक की भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलता निषाद,



सुशीला निषाद अध्यक्ष छ.ग. निषाद समाज महिला प्रकोष्ठ, प्रदीप कैवर्त्य राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समन्वय समिति, मनोहर लाल निषाद महासचिव, अशोक निषाद, डॉ. घनश्याम निषाद, संतोषी निषाद, बिरेंद्र कुमार निषाद, संतोष जलतारे, डॉ. राजकुमार निषाद, डिकेश्वरी निषाद, नरेंद्र निषाद, चोवाराम निषाद, ओम प्रकाश निषाद, खिलावन निषाद, सुमन निषाद, सत्यभामा निषाद सहित काफी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे।

**अम्बेडकर भवन सेक्टर-6 में आरोहण वेल्फेयर फाउंडेशन का आयोजन**

## खिलाड़ियों को वितरित किया प्रमाणपत्र

# मार्शल आर्ट्स की ग्रेडिंग परीक्षा में खिलाड़ियों का स्टैमिना, फाइट की पावर और तकनीक को परखा




**भिलाई।** मार्शल आर्ट्स की संस्था कारा-कु-जु-बो-काई-कान फुल कॉन्टैक्ट कराते द्वारा कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हाउसिंग बोर्ड में किया गया। भिलाई में मार्शल आर्ट्स की संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरीराव, सीनियर परीक्षक रामकुमार पांडे, मनोज नेताम, श्रवण साहू, भरत साहू, सुभाष सोनी, लक्ष्मी तिवारी एवं सहायक परीक्षक रौनक बेहरा, रोशन बेहरा, जी. श्रीहर्ष, वाय. काव्यांश द्वारा संपन्न कराया गया।

इस ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से खिलाड़ियों का स्टैमिना, बॉडी कंडीशनिंग, काता, कुमीते, एटिकांस एवं फुल कांटेक्ट फाइट की पावर और तकनीक को परखा गया। अंत में ग्रेडिंग परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बेल्ट व प्रमाणपत्र वितरित किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा के सफल छात्र-छात्राओं में ब्राउन 2 बेल्ट आद्या चंद्राकर, ब्राउन 1 बेल्ट रावी देशमुख, परीक्षित कल्पाण्डे, खुशी तिवारी, हिमांश छिब्बर, आराध्य ताम्रकार। डार्क ग्रीन 3 बेल्ट समीक्षा साहू, वरेण्य चंद्राकर, तरणवीर ढींगरा। डार्क ग्रीन 2 बेल्ट गीतिका साहू, अदिति शर्मा, लक्ष्य गुप्ता, तृषा जैन, डार्क ग्रीन1 बेल्ट शिवांगिनी गंधर्व, निशा यादव।

यलो 2 बेल्ट उदयराज चंद्राकर, दीप सिन्हा, हिमाक्ष साहू, दक्ष नाग। यलो 1 बेल्ट हर्षिता सिंह, डार्क ब्लू 2 बेल्ट कपीश सूरी, प्रीतिशा मजूंमदार, पारुल त्रिपाठी, डार्क ब्लू 1 बेल्ट लवित्र साहू, ऋद्धि टंडन, ऑरेंज बेल्ट वीनस तिरहुती, आकाश प्रसाद, पीयूषी देवांगन, शताक्षी बलोधी, समृद्धि प्रधान को दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखा गया। इसके आधार पर उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही कलर बेल्ट की ग्रेडिंग तय कर खिलाड़ियों को दी गई।

**स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड में खिलाड़ियों को परखा**

## 7 सहेलियों की दोस्ती बनीं मिसाल, स्कूल, कॉलेज से लेकर नौकरी में भी साथ

# एक ही विभाग में नर्सिंग की सेवा देते हुए कायम हुई दोस्ती, एक रिटायर हो चुकीं और बाकी आगामी वर्षों में पूरी करेंगी अपना सेवाकाल

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। नर्सिंग के पेशे में तीन दशक पहले आईं अलग अलग क्षेत्र की 7 महिलाएं अपनी दोस्ती की वजह से मिसाल बन गई हैं। शुरूआती ज्वाइनिंग के बाद संयोग से सभी की आसपास ही पोस्टिंग रही। सभी ने पूरे सेवाकाल में एक दूजे का साथ निभाते हुए अपनी नौकरी की। अब इनमें से कुछ सेवा निवृत्त हो चुकीं हैं तो कुछ जल्द ही अपना सेवाकाल पूरा कर लेंगी। इसके बावजूद इनकी दोस्ती हमेशा बरकरार रही है और रहेगी। इन 7 सहेलियों में सभी अलग अलग समुदाय की प्रतिनिधि हैं और किसी ने भी नहीं सोचा था कि एक साथ एक ही विभाग में शासकीय सेवा का अवसर मिलेगा। इनकी दोस्ती की शुरूआत का किस्सा भी बेहद दिलचस्प है। आर विश्वास की पढ़ाई भिलाई में हुई। 11वीं के बाद मां की इच्छा के अनुरूप उन्होंने नर्सिंग का कैडर चुना। भले ही उनका मन बिल्कुल नहीं था फिर भी रायपुर में ऑक्जीलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) का 18 माह का प्रशिक्षण शुरू किया।



## वार्डन का बड़ा सख्त कानून था, महीने में एक बार ही मिलने देते थे...

वहां उनकी मुलाकात सुरेखा ताम्रकार, चंद्रकांता कश्यप, अमरीका देशलहरे, देवकी सिन्हा और मनोरमा धांडे से हुई। ये सभी दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से इसी प्रशिक्षण के लिए आई थी। श्रीमती विश्वास बताती हैं, प्रशिक्षण के 2 माह बाद दिल हुआ सब छोड़कर घर चले जाएं क्योंकि वार्डन का बड़ा सख्त कानून था। महीने में एक बार घर वालों को हास्टल में 10 मिनट मिलने और बातचीत करने का मौका मिलता। यह उनकी अकेले की नहीं बल्कि सभी की थी। ऐसे में 7 सहेलियां एकजुट हुईं और एक दूसरे को मानसिक तौर पर इस प्रशिक्षण के लिए तैयार किया। सुरेखा ताम्रकार कहती हैं हम सबने एक दूसरे को मनाया और इसके बाद सभी ने ट्रेनिंग पूरी की, जिससे सभी का भविष्य बन गया। चंद्रकांता कश्यप और अमरीका देशलहरे बताती हैं इसके बाद सभी की पोस्टिंग अलग-अलग जगहों पर हुई। लेकिन संयोग ऐसा रहा कि कुछ वक्त के बाद सभी ने एक विकास खंड में नर्सिंग सिस्टर के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दीं और इस दौरान न जाने कितने सुरक्षित प्रसव के जरिए प्रसूताओं की जान बचाई।

## जल्द होने वाले है सेवानिवृत्त

देवकी सिन्हा और मनोरमा धांडे बताती हैं एक समय के पश्चात हम सभी को पदोन्नति का अवसर मिला जिसमें से 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के विभिन्न सेक्टरों में महिला पर्यवेक्षिका (एल एच व्ही) बनी। वहीं एक ने दुर्ग विकासखंड ओर एक ने गुडंरदेही विकास खंड में पदोन्नति पाई। कुछ अरसे बाद सुरेखा राठौर दोबारा पाटन आ गई ओर वर्तमान में एक दुर्ग में पदस्थ हैं। चंद्रकांता ने पदोन्नति पाई और आज विकास खंड चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में खंड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी हैं। इन सात सहेलियों में से अब शासकीय उम्र की निर्धारित आयु सीमा को प्राप्त करते हुए सुरेखा राठौर 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गई हैं। इस वर्ष एक नवंबर 2025 को एक, शेष 2 आगामी 3 वर्षा में सेवानिवृत्त और एक 2030 में सेवानिवृत्त हो जाएगी। एक दूसरे के सुखदुख की साथी सुरेखा ताम्रकार, चंद्रकांता कश्यप, अमरीका देशलहरे, देवकी सिन्हा और मनोरमा धांडे कहती हैं, अपने सेवाकाल में हम सबकी दोस्ती कायम हुई जो आगे सेवानिवृत्ति के बाद भी बरकरार रहेगी। हम सभी एक दूसरे के साथी हैं और आगे भी रहेंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीसीए खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए मिलेगा कॉलेज का मैदान



**भिलाई।** भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की वार्षिक आमसभा रविवार 22 जून को एक होटल में आयोजित की गई। शुरुआत में बीसीएके कोषाध्यक्ष यशजीत सिंह ने वित्तीय वर्ष 2024- 2025 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस मौके पर अध्यक्ष अरविंद जैन ने कहा कि सचिव एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की टीमों ने वर्ष 2024- 25 में अच्छा प्रदर्शन किया। संघ के उपाध्यक्ष एवं सीसीपीएल सीजन-2 के चेयरमैन प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा ने सीसीपीएल सीजन -2 के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं बीसीए के एग्जीक्यूटिव मेम्बर्स ने भिलाई फ्रेंचाइजी की टीम के सीसीपीएल में भाग लेने हेतु सुझाव दिए। जिस पर प्रोफेसर प्रमोद शंकर शर्मा ने कहा कि मैं इस हेतु प्रयासरत रहूंगा। बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने सभी आयु समूह के प्रशिक्षकों एवं मैनेजमेंट टीम एवं सभी सदस्यों को निरंतर सहयोग करने हेतु धन्यवाद दिया एवं आगामी दो वर्षों में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन की सभी आयु वर्ग टीम के अच्छे प्रदर्शन की आशा व्यक्त की। उपाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने बताया कि कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के ग्राउंड एवं बॉलिंग मशीन भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु उपलब्ध रहेगी। उन्होंने सचिव के प्रयासों की सराहना की एवं आशा व्यक्त की कि खिलाड़ी अपने खेल में अच्छा प्रदर्शन कर ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। अंत में सभी सदस्यों ने भिलाई में क्रिकेट के स्तर को और अधिक ऊंचाई पर ले जाने संयुक्त रूप से प्रयास का संकल्प लिया। संचालन भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने किया। सभा में संयुक्त सचिव एन अभिलाष, स्वामीनाथ और बिभाष सिन्हा सहित भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

### अंडर-19 क्रिकेट के लिए सीएससीएस की टीम बनीं, धनंजय कप्तान

**भिलाई।** पुडुचेरी में 1 जुलाई से 17 जुलाई तक आयोजित अंडर-19 इंटर स्टेट दो दिवसीय अभ्यास मैचो की श्रृंखला में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की मेन्स अंडर-19 की टीम भी भाग लेगी। इन अभ्यास मैचों की श्रृंखला में गोवा, केरल, बंगाल, पुडुचेरी, हिमाचल प्रदेश की टीमें भाग ले रही हैं। इन अभ्यास मैचों की श्रृंखला में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ की टीम की घोषणा कर दी गई है जिसमें बीएसपी के अभिषेक शुक्ला एवं भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के दिवाकर ताम्रकार का चयन किया गया है टीम के कप्तान बिलासपुर के धनंजय नायक बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ की टीम 1एवं 2 जुलाई को गोवा के विरुद्ध 4 एवं 5जुलाई को केरल के विरुद्ध 7 एवं 8 जुलाई को बंगाल के विरुद्ध 10 एवं 11 जुलाई को पुडुचेरी के विरुद्ध एवं 13 एवं 14 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध मैच खेलेगी लीग मैचो के पश्चात पहले एवं दूसरे स्थान पर रहने वाले टीम के मध्य फाइनल 16एवं 17 जुलाई को खेला जाएगा।



### एशियन यूथ टेबल टेनिस ताशकंद में, विनय होंगे निर्णायक

**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तकनीकी समिति के सदस्य एवं अन्तर्राष्ट्रीय अंपायर विनय बैसवाड़े का चयन 26 जून से 02 जुलाई तक ताशकंद में आयोजित 29वीं एशियन यूथ टेबल टेनिस प्रतियोगिता हेतु किया गया है। इसके पूर्व भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टेकनीकल ऑफिशियल के रुप में भाग ले चुके हैं। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष श्री विनय बैसवाड़े, अंतरराष्ट्रीय अंपायर एवं खिलाड़ी हैं तथा भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, रायपुर में कार्यरत है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला व अन्य ने हर्ष जताया है।



### वूमेंस अंडर- 19 क्रिकेट आज से




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से वूमेंस अंडर- 19 एकदिवसीय चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन कल 25 जून से 30 जून तक किया जा रहा है। 25 जून को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 में ईस्ट जोन एवं वेस्ट जोन तथा बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में नॉर्थ एवं साउथ जोन के मध्य खेला जाएगा।

### 'पॉश्चर' खराब होने से पड़ सकती है जान जोखिम में

# गलत बैठने और चलने से बचना होगा हर हाल में आपको हो सकती है कई गंभीर शारीरिक समस्याएं



अक्सर लोग अपने ऑफिस या वर्कप्लेस पर गलत पॉश्चर (मुद्रा) में बैठकर काम करते हैं। बहुत से लोगों को लगता है कि इससे सिर्फ उनका अपियरेंस (दिखावट) प्रभावित होगा, लेकिन ये कई गंभीर बीमारियों का कारण भी हो सकता है। आइए, इस लेख में हम इसी के बारे में विस्तार से जानते हैं। आज की आधुनिक जीवनशैली में, जहां घंटों कंप्यूटर या स्मार्टफोन के सामने गर्दन झुकाकर स्क्रीन पर लंबे समय तक देखने का चलन बढ़ गया है। ऐसे में 'पॉश्चर' यानी हमारे शरीर की मुद्रा का बिगड़ना एक आम समस्या बन गई है। अधिकतर लोग इसे सिर्फ सौंदर्य या आत्मविश्वास से जोड़कर देखते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गलत पॉश्चर सिर्फ आपकी चाल या बैठने के तरीके को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि यह कई गंभीर शारीरिक समस्याओं को जन्म दे सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक गलत मुद्रा में बैठना, खड़े होने या चलने से हमारे मस्कुलोस्केलेटल सिस्टम पर अत्यधिक दबाव पड़ता है जिससे मांसपेशियों में दर्द होता है।





### पाचन और श्वसन समस्याएं

झुककर बैठने से फेफड़े और पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ और पाचन संबंधी समस्याएं, जैसे एसिड रिफ्लक्स या कब्ज, हो सकती हैं। गलत पॉश्चर फेफड़ों की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। इसलिए सीधे बैठें ताकि फेफड़े पूरी तरह खुल सकें। खाने के बाद 10 मिनट टहलें। गहरी सांस लेने की प्रैक्टिस करें।

### पीठ और गर्दन में दर्द

लंबे समय तक झुककर बैठना जैसे लैपटॉप या फोन का उपयोग करने से रीढ़ और गर्दन पर दबाव डालता है। इससे लोअर बैक पेन, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस और मांसपेशियों में तनाव होता है। जर्नल ऑफ फिजिकल थेरेपी साइंस के अनुसार, ज्यादातर लोग गलत पॉश्चर के कारण पीठ दर्द से पीड़ित हैं। इसलिए हर 30 मिनट में सीधे बैठें और स्ट्रेच करें। कुर्सी पर रीढ़ को सहारा देने वाला तकिया रखें। गर्दन को सीधा रखकर स्क्रीन को आंखों के लेवल पर सेट करें।

### रीढ़ की हड्डी में विकृति

गलत पॉश्चर, जैसे कूबड़ निकलना (**Kyphosis**) या रीढ़ का टेढ़ापन (**Scoliosis**), हड्डियों और जोड़ों की संरचना को नुकसान पहुंचाता है। यह विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में ज्यादा देखा जाता है, जो लंबे समय तक झुककर पढ़ते या गेम खेलते हैं। इससे बचने के लिए योग और पिलाटे जैसे व्यायाम रीढ़ को मजबूत करते हैं। तैराकी या बैक स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज करें। बच्चों को सही पॉश्चर की आदत डालें।

### बचाव के उपाय

खराब पॉश्चर से बचना चाहते हैं? कुछ आसान उपाय आपकी मदद कर सकते हैं! ऑफिस में एर्गोनॉमिक कुर्सी और डेस्क चुनें, और स्क्रीन को आंखों के लेवल पर रखें ताकि आपकी रीढ़ पर जोर न पड़े। रोजाना 20-30 मिनट स्ट्रेचिंग करें या कैट-काउ और चाइल्ड पोज जैसे योग आसनों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

## अंशुमान-आयुष की जोड़ी अंतर संस्थान युगल लीग टेटे में बनीं विजेता



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ की ओर से विद्याचरण शुक्ल स्मृति प्रथम जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल में 18 से 22 जून तक किया गया। जिसमें युगल वर्ग में अंशुमान शर्मा एवं आयुष शर्मा (एचीवर्स एकेडमी) की जोड़ी विजेता बनीं। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की सह सचिव वृंदा तांबे थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की। मंच पर संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी एवं सचिव विनय बैसवाड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया।

प्रतियोगिता के सुपर लीग के अंतिम परिणाम में युगल वर्ग में विजेता–अंशुमान शर्मा एवं आयुष शर्मा (एचीवर्स एकेडमी), उपविजेता- सागर दासगुप्ता (सुभाष स्टेडियम सेंटर) एवं गजेंद्र सिंह चौहान (एस एकेडमी) 2-1,तृतीय – शैलेष डागा (अमूल डिस्ट्रीब्यूटर) एवं परिवेश मिश्रा (प्रकाश एग्री फार्म्स) चतुर्थ – किशोर जादवानी एवं कल्पेश जादवानी (कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस) शामिल हैं। उपरोक्त तीनों के अतिरिक्त अरविंद कुमार शर्मा एवं गिरिराज बागड़ी, राजेश लुनिया एवं मंदार कुलकर्णी की जोड़ी ने सुपर लीग में क्रमशः पांचवा एवं छठवां स्थान प्राप्त किया। सुपर लीग में कुल 12 युगल जोड़ी ने प्रवेश किया था। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक राष्ट्रीय अंपायर नागेश्वर साहू थे। इस अवसर श्री पी।एन। मजूमदार, अजीत बेनर्जी, भारत पारेख, सुरेश सादीजा, प्रदीप दासगुप्ता डॉ। अविनाश इंग्ले, सुश्री दिव्या आमदे, राकेश यादव, जेएम राठौर आदि उपस्थित थे। यह जानकारी सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

## करेले की सब्जी कड़वी हो गई तो अपनाएं ये नुस्खे

अगर करेले की सब्जी पसंद करते हैं लेकिन कड़वापन सहित कुछ न कुछ गलती रह जाती है तो आपको इन टिप्स के बारे में जानना चाहिए, जिनको फॉलो करने के बाद करेले की सब्जी का कड़वापन दूर हो जाएगा।



### लगा कर रखें नमक

करेला बनाने से पहले तकरीबन 30 मिनट के लिए करेलों पर अच्छी तरह से नमक लगा दें। नमक में पाए जाने वाले मिनरल्स करेले के कड़वे जूस को हटाने में मदद करेंगे। आप चाहें तो इन्हें नमक के पानी में भिगो कर भी रख सकते हैं। बनाने से पहले इसे अच्छी तरह से धो जरूर लें।

### बीजों को हटाएं

करेले के बीजों में काफी कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में आप करेला काटते वक्त इसके बीजों को निकाल दें। बीज निकालने के बाद इसका कड़वापन काफी हद तक कम हो जाएगा।

### सही से छीलें

करेलों को बनाने से पहले उसे से छील जरूर लें। ऐसा करने से इसका कड़वापन कम हो जाएगा। करेले के छिलके में ही सबसे ज्यादा कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में इसका मोटा छिलका उतार लें। आप चाहें तो इसे धूप में सुखाकर भरवां करेला बनाते समय इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

### दही कम करेगा कड़वापन

अगर आप करेला बनाने से पहले एक घंटे तक उसे दही में भिगो कर रखेंगे तो इससे भी करेले का कड़वापन काफी हद तक कम हो जाएगा।



## बेहतर प्रशिक्षण के लिए अकादमी में बढ़ाएंगे खिलाड़ियों की सुविधाएं

**रायपुर।** संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्रीमती तनुजा सलाम ने मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर में नवीन प्रवेशित खिलाड़ियों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। आवासीय बालक एवं बालिका तीरंदाजी अकादमी, आवासीय बालक एवं बालिका हॉकी अकादमी, एथलीट बालक बालिका आवासीय अकादमी एवं फुटबॉल बालिका आवासीय अकादमी के खिलाड़ियों को उन्होंने नए सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

- खेल संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने राज्य स्तरीय खेल अकादमी रायपुर के नव प्रवेशित खिलाड़ियों से की मुलाकात

उल्लेखनीय है कि इस सत्र से फुटबॉल बालिका आवासीय अकादमी, एथलीट बालक बालिका आवासीय अकादमी एवं हॉकी आवासीय अकादमी नवीन स्वरूप में प्रारंभ हो रही है। पूर्व से तीरंदाजी बालक बालिका एवं हॉकी बालिका एकेडमी भी संचालित है ।

राज्य स्तरीय खेल अकादमी रायपुर में विशेष अभियान के तहत बस्तर संभाग के खिलाड़ियों की



भागीदारी बढ़ी है। बस्तर संभाग के नवीन प्रवेशित खिलाड़ियों को संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने खेलो में बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया तथा खिलाड़ियों के साथ ही स्वल्पाहार किया। श्रीमती तनुजा सलाम ने बताया कि नए सत्र से अकादमी में नई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, ताकि अकादमी के खिलाड़ियों को खेलों के साथ साथ बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा सके। खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन, स्कूल ऐडमिशन, खेल परिधान, उच्च स्तरीय आधुनिक खेल प्रशिक्षण, खेल उपकरण,जिम एवं मनोरंजन की सुविधाएं भी प्राप्त होंगी। इस अवसर पर संचालक खेल एवं युवा कल्याण के साथ खेल अधिकारी श्री गिरीश शुक्ला, वरिष्ठ प्रशिक्षक श्रीमती सरिता कुजूर, तीरंदाजी खेल प्रशिक्षक कुमारी दुर्गेश नंदिनी उपस्थित रहे।

## पिकलबाल चैम्पियनशिप लीग का ऑक्शन हुआ राजधानी में



**रायपुर।** अचिवर्स स्पोर्ट्स एवं फिट्नेस अकादमी द्वारा पिकल बाल चेम्पियनशिप लीग का ऑक्शन वीआईपी क्लब में हुआ। लीग मे कूल 6 टीमे भाग लेंगे। टूर्नामेट के आयोजक अंशुमन शर्मा, आयुश शर्मा, हेनरी सेंटियागो एवं रोहीन सेंटियागोहै। ऑल इंडिया पिकलबाल एवं छत्तीसगढ़ स्टेट पिकलबाल एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त लीग मे कुल 60 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह टूर्नामेट 28 एवं 29 जून को डीडी नगर मे खेली जायेगी। टूर्नामेट मे विजेता टीम को 1 लाख की राशी एवं उपविजेता को 50 हज़ार की राशि दी जाएगी। ऑक्शन के अवसर पर सीजीपीए के महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान ने आयोजको को बधाई एवं शुभकामनाये दिए है।

कार्नर न्यूज

### शादी के बाद के बदलाव के लिए तैयार करें बेटे को भी

# शादी से पहले अपने बेटे को समझाएं कुछ जरूरी बातें, जिससे बहू को ससुराल में न हो दिक्कत

लड़की तो शादी के बाद ससुराल में एडजस्ट करने के लिए मानसिक और व्यवहारिक रूप से तैयार रहती है लेकिन लड़के बदलाव के तैयार नहीं रहते हैं। माता-पिता का कर्तव्य है कि बेटे को कुछ जरूरी बातें समझाएं, ताकि नई बहू को ससुराल में अपनापन महसूस हो। शादी सिर्फ दो लोगों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का बंधन होती है। अक्सर देखा गया है कि नए रिश्तों में तालमेल बैठने में वक्त लगता है। ऐसे में जब माता पिता अपनी बेटी को विदा करते हैं तो उसे ससुराल में कैसे रहना है, एक अच्छी पत्नी और बहू कैसे बनना है, उसके लिए कुछ सबक देते हैं। हालांकि लड़कों को शादी के बाद एक बेहतर पति, दामाद कैसे बनना है, ये आमतौर पर परिवारों में कम ही सिखाया जाता है।

लड़की तो शादी के बाद ससुराल में एडजस्ट करने के लिए मानसिक और व्यवहारिक रूप से तैयार रहती है लेकिन लड़के इस स्थिति के लिए तैयार नहीं हो पाते। शादी से पहले माता-पिता का यह कर्तव्य होता है कि वे अपने बेटे को कुछ जरूरी बातें समझाएं, ताकि नई बहू को ससुराल में अपनापन महसूस हो। बेटे को शादी के पहले मानसिक रूप से बदलावों के लिए तैयार करें।



### पत्नी का बराबरी का दर्जा

बेटे को सिखाएं कि शादी के बाद पत्नी उसकी ज़िम्मेदारी ही नहीं, उसकी जीवन संगिनी भी है। उसे घर के हर फैसले में शामिल करें। पत्नी की भावनाओं और राय का सम्मान करें। बहू कोई मेहमान नहीं बल्कि घर का स्थायी हिस्सा है।

### पुराने और नए रिश्तों के बीच संतुलन

शादी के बाद बेटा अक्सर मां-पत्नी के बीच उलझ जाता है। उसे समझाएं कि रिश्तों में तुलना नहीं, सामंजस्य जरूरी है। बेटा अगर संतुलन बनाए रखे तो घर में न बहू को दिक्कत होगी और ना मां को शिकायत होगी। उसे पहले से ही ऐसी स्थिति के लिए तैयार करें कि हो सकता है कि कभी उसकी पत्नी और मां के बीच कोई मतभेद हो जाए तो उसे ऐसा क्या करना चाहिए ताकि दोनों के मतभेद को कम किया जा सके, न कि किसी एक का साथ दिया जाए।



### घरेलू कामों में सहयोग

बेटे को यह बात शादी से पहले ही समझा दें कि घरेलू काम सिर्फ महिलाओं की जिम्मेदारी नहीं है। कभी-कभी छोटी-छोटी चीज़ों में पत्नी का हाथ बंटाना, उसे भावनात्मक रूप से जोड़ता है और रिश्ते को मजबूत बनाता है। बेटी की तरह बेटे को भी घर के कामों में हाथ बंटाने को कहें ताकि वह पत्नी की मदद करने में झिझक महसूस न करें और घरेलू काम करने की समझ उसमें आ जाए।

### बहू के परिवार को अपना बनाएं

बेटे को सिखाएं कि शादी के बाद जैसे बहू उन्हें अपना माता पिता समझकर इस परिवार में रहेगी। वैसे ही बेटा का फर्ज है कि वह अपनी पत्नी के माता-पिता का सम्मान भी उसी तरह करे। बहू के मायके व परिवार वालों को अपना समझे ताकि बहू को ससुराल के सदस्यों को अपनाने में दिक्कत न हो।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 24 वर्षों बाद एक साथ नजर आए टॉम क्रूज और ब्रैड पिट



हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज ने लंदन में ब्रैड पिट की आगामी स्पोर्ट्स-ड्रामा 'एफ1' के प्रीमियर में भाग लेकर सभी को चौंका दिया। कहा जा रहा है कि दोनों 24 साल बाद एक साथ नजर आ रहे हैं, इसकी तस्वीरें टॉम क्रूज ने अपने सोशल मीडिया पर साझा की है, जो तेजी से वायरल हो रही है। इन्हें साथ में देख नेटिजंस भी काफी उत्साहित दिख रहे हैं। हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट की आगामी फिल्म 'एफ 1' का प्रीमियर लंदन में किया गया। इस दौरान कई दिग्गज सितारे शामिल हुए। हालांकि, यह प्रीमियर चर्चा का विषय तब बना, जब हॉलीवुड सुपस्टार टॉम क्रूज शो में भाग लेने पहुंचे और दोनों अभिनेताओं को साथ में करीब 24 साल बाद देखा गया। आपको बताते चलें कि दोनों को आखिरी बार साल 2001 में 'अमेरिकाः ए ट्रिब्यूट टू हीरोज' कॉन्सर्ट में देखा गया था। टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वो ब्रैड पिट के साथ नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा कि एक शानदार मूवी नाइट रहा दोस्तों के साथ। इन तस्वीरों में दोनों बेहद डैशिंग अंदाज में नजर आ रहे हैं। टॉम क्रूज और ब्रैड पिट की साथ में तस्वीरें वायरल होते ही नेटिजंस के गजब-गजब रिएक्शंस आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि दोनों को साथ में एक फिल्म बनानी चाहिए। वहीं दूसरे यूजर ने पूछा की क्या ये दोनों एक साथ फिल्म करने वाले हैं? इसके अलावा एक अन्य यूजर ने बोला कि सिनेमा की दुनिया के दो दिग्गज सितारे। ब्रैड पिट अभिनीत 'एफ 1' एक स्पोर्ट्स ड्राम फिल्म हैं, जो 25 जून का सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## ड्रग मामले में न्यायिक हिरासत में भेजा गया श्रीकांत को, कोकीन खरीदने का लगा आरोप



तमिल सिनेमा के अभिनेता श्रीकांत एक कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। पुलिस ने अभिनेता को तकरीबन आठ घंटे की लंबी पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जहां वो 7 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रहेंगे। श्रीकांत पर ये कार्रवाई ड्रग्स से जुड़े एक मामले में हुई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकांत के ब्लड सैंपल किलपौक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मेडिकल टेस्ट के लिए एकत्र किए गए थे। जिसके बाद जांच में अभिनेता के शरीर में नशीले पदार्थ की मौजूदगी की पुष्टि हुई। पुलिस ने बताया कि इसके बाद सोमवार रात को श्रीकांत को एग्मोर स्थित 14वें मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के आवास पर ले जाया गया और रिमांड पर लिया गया। अब उन्हें 7 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पूर्व एआईएडीएमके पदाधिकारी टी प्रसाद को हिरासत में लिए जाने के बाद सोमवार को नुंगमबक्कम पुलिस थाने में अभिनेता से पूछताछ की गई। पुलिस को शक है कि प्रसाद ने 46 वर्षीय श्रीकांत और एक अन्य अभिनेता को कोकीन की आपूर्ति की है। इस पूरे मामले में जांच के बाद अब ये कदम उठाया गया है। पिछले सप्ताह नुंगमबक्कम पुलिस ने सलेम के प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया था और उससे मिली जानकारी के आधार पर उन्होंने घाना के जॉन नामक व्यक्ति को राज्य के होसुर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि उनके पास से करीब 11 ग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया। श्रीकांत के करियर की बात करें तो वो पिछले 26 साल से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। उन्होंने साल 1999 में टीवी शो जन्नाल – मरबू कविथैगल से अपना करियर शुरू किया था। श्रीकांत ने काना कंडेन, ओरु नाल कनवु, बाम्बारा कन्नले, मनासेल्लम, वर्णजलम, मर्करी पूक्कल, ईस्ट कोस्ट रोड, पू, सथुरंगम और नानबन जैसी कई फिल्मों में काम किया है।

### भोजपुरी

## पवन के घर में हुई चोरी, लाखों की ज्वैलरी कैश और सामान उड़ा ले गए चोर



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह के आरा (बिहार) स्थित घर पर 15 लाख रुपयों की चोरी हो गई है। घटना रविवार, 23 जून की रात को हुई। चोर खिड़की तोड़कर घर में घुसे और करीब 15 लाख रुपये की ज्वेलरी, 30 राइफल की गोलियां और 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। यह चोरी एक्टर के आरा के मझौंवा वार्ड नंबर 5 में उनके दूसरे घर में हुई। उस समय घर में पवन सिंह के सास-ससुर (कलावती देवी और सुनील कुमार सिंह) मौजूद थे, जो दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब दरवाजा नहीं खुला, तो सुनील ने बाहर जाकर देखा कि खिड़की को पेचकस से तोड़ा गया था। पवन सिंह के घर पर हुई इस 15 लाख रुपयों की चोरी की वारदात की FIR पुलिस थाने में दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस में शिकायत पवन सिंह के भाई रानू सिंह ने कराई है। यह FIR नगर थाना में दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि चोर राइफल नहीं ले जा सके, जो गनीमत रही। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच रही है। चोरी में चोरों ने 15 लाख रुपये की ज्वेलरी चुराई, जिसमें दो कंगन, लक्ष्मी चैन, नवाबी चैन, मंगलसूत्र, दो सिकड़ी, दो अंगूठी और चार जोड़ी छागल शामिल हैं। घर में पवन सिंह का स्टूडियो भी है, लेकिन चोर वहां नहीं पहुंचे। पुलिस की कार्रवाई पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और जल्द ही चोरों को पकड़ने की उम्मीद है।

## आउटडोर शो

### लाइफ स्टाइल



आमतौर पर फैशन शो इनडोर ही होते आए हैं। दुनिया भर के प्रतिष्ठित फैशन शो के लिए आम तौर पर आउटडोर आयोजन की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि, न्यूयार्क फैशन वीक के एक हिस्से के तौर पर पिछले दिनों आउटडोर शो हुआ। जिसमें दुनिया भर के कई नई नामी-गिरामी डिजाइनरों ने हिस्सा लिया।

## गुलाब ही नहीं, इस फूल के इस्तेमाल से भी दमकेगी त्वचा, बालों में आएगी नई जान

चेहरे को निखारने या फेस पैक में मिलाने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल तो लगभग सभी करते हैं। यहीं नही गुलाब के तेल से चेहरे को नई कांति मिलती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केवल गुलाब ही नहीं बल्कि लाल गुड़हल के फूल से भी चेहरे और बालों की सुंदरता को निखारा जा सकता है।

### त्वचा की झुर्रियों को मिटाने में मददगार

गुड़हल की पत्तियों में एंटी एजिंग गुण होता है जो त्वचा में आने वाली झुर्रियों को दूर करने में मदद करता है। इसकी पत्तियों में फ्री रेडिकल्स को हटाने की क्षमता होती है जो उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर देती है। जिससे स्किन जवां नजर आती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

गुड़हल की पंखुड़ियों को उबालकर अच्छे से पीस लें। अब इसमें शहद मिलाकर पेस्ट बना लें और हल्के हाथों से चेहरे पर लेप की तरह लगाकर छोड़ दें। 15 से 20 मिनट बाद ठंडे पानी से धोकर चेहरा साफ कर लें। कुछ ही दिनों में आपको बेदाग गोरापन और रिंकल फ्री त्वचा मिलेगी।

### बालों के लिए है फायदेमंद

गुड़हल के फूल से बालों की देखभाल की जा सकती है। बाजार में कई सारे शैंपू आते हैं जिसमें गुड़हल के फूल का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन आप घर पर बने तेल की मदद से लंबे और घने बाल पा सकती हैं। तो चलिए जानें इसे बनाने का तरीका।



### ऐसे बनाएं बालों के लिए गुड़हल का पैक

लंबे और घने बालों के लिए गुड़हल की पंखुड़ियों से बनाए पैक की मदद ली जा सकती है। इस पैक को बनाने का तरीका शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने बताया था। दो गुड़हल के फूल और सात से आठ पत्तियों को लेकर उसका बारीक पेस्ट बना लें। इसके बाद एक पैन में नारियल का तेल गर्म कर उसमें इस पेस्ट को मिला दें। साथ ही इस पेस्ट में एक चम्मच मेथी के दाने, आंवले का पाउडर, करी पत्ता की आठ से दस पत्तियां मिला लें। नारियल के तेल में मिलाकर इन सबको एक उबाल आने तक पकाएं। इसे ठंडा कर लें।

## कुछ खास है कुर्ती के डिजाइन, ऑफिस ही नहीं, कॉलेज में पहनने के लिए भी है बेस्ट



लंबी हाइट वाली लड़कियां हमेशा अपने आउटफिट को लेकर कंफ्यूज करती है। ऐसे में अगर आपकी हाइट भी लंबी है और आप पहनने के लिए आउटफिट तलाश रही हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं हैं। यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसी लेटेस्ट लोग कुर्ती सेट बताएंगे, जिसे आप पहनकर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं।



### फ्लोरल प्रिंटेड गोटा पट्टी फ्लोरल कुर्ती

अगर आपकी हाइट लंबी है और आप भी अपनी लंबी हाइट के हिसाब से खूबसूरत आउटफिट देख रही हैं, तो आपके लिए यह खूबसूरत फ्लोरल प्रिंटेड गोटा पट्टी फ्लोरल कुर्ती एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। आप इस खूबसूरत कुर्ती को पहनकर किसी हसीना से कम नहीं लगेगी। इस तरह की कुर्ती को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंटेड प्योर कॉटन कुर्ती सेट

आप चाहे तो ऐसी कुर्ती को भी अपने बाकी आउटफिट के साथ शामिल कर सकती हैं। इस तरह का फ्लोरल प्रिंटेड प्योर कॉटन कुर्ती सेटलंबी लड़कियों के लिए बेस्ट हो सकती हैं। ऐसी कुर्ती को आप बाजार से कपड़ा लाकर बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। आप इस तरह की कुर्ती को अपने ऑफिस या कॉलेज में पहनकर जा सकती हैं।

### मैरून सॉलिड कॉटन कुर्ती

यही नहीं अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए भी आप इस खूबसूरत मैरून सॉलिड कॉटन कुर्ती को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की कुर्ती न सिर्फ आपके लुक को एलिगेंट टच देगी, बल्कि इसे पहनकर आप कंफर्टेबल महसूस कर सकती हैं। आपको इस तरह की कुर्ती नजदीकी बाजार में मिलेगी या आप इसे ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

## बेटी या बहू को कन्यादान में दें सोने की नथ, खुश हो जाएगी बच्चियां


ऋअधिकतर महिलाएं अपनी बेटी के लिए सोने की ज्वेलरी जरूर बनवाती है। ऐसे में अगर आप भी अपनी बेटी या बहू को गिफ्ट में गोल्ड ज्वेलरी देने का सोच रही हैं, तो अब आपको कंफ्यूज होने की जरूरत नहीं हैं। ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको ऐसी गोल्ड नथ डिजाइन के बारे में बताएंगे, जिसे देखते ही आपकी बच्ची खुश हो जाएगी।

### फ्लोरल डिजाइन नथ

सोने के भाव में उतार-चढ़ाव होता रहता है। ऐसे में हर मां चाहती है, कि सोने का भाव बढे उससे पहले ही अपनी बेटी और बहु को सोने की ज्वेलरी गिफ्ट दे दें। अब आप अपनी बेटी को इस तरह की खूबसूरत सोने की फ्लोरल डिजाइन नथतोहफे में दे सकती हैं। ऐसी नथ डिजाइन उनके चेहरे की खूबसूरती को बढ़ा देगी। आप इस तरह की नथ डिजाइन को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### फ्लावर एंड लीफ नथ डिजाइन

अगर आप इन्वेस्टमेंट के तौर पर अपनी बेटी या बहू के लिए गोल्ड की ज्वेलरी बनाने का सोच



रही हैं, तो आप उन्हें इस तरह की खूबसूरत फ्लावर एंड लीफ नथ डिजाइन भी गिफ्ट में दे सकती हैं। इस नथ की डिजाइन इतनी खूबसूरत है, की घर में मौजूद हर कोई इस नथ की तारीफ करने पर मजबूर हो जाएगा। इस तरह की नथ को आप सुनार के यहां बनवा सकती है या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं। यही नहीं अगर आप गोल्ड नथ बनवा कर अपनी बेटी या बहु को देने वाली हैं, तो इस तरह की खूबसूरत लीफ डिजाइन नथ उनके लिए बेस्ट हो सकती हैं।

## नाइट पार्टी के लिए खुद को ऐसे करें तैयार

आजकल की युवा पीढ़ी अपनी व्यस्त जीवनशैली में दोस्तों और अपनों के साथ समय बिताने के लिए पार्टी करना काफी पसंद करती है। ऐसे में आजकल नाइट पार्टी का चलन युवाओं के बीच काफी बढ़ गया है। पार्टी में सिर्फ अपनों से मिलना ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर पोस्ट करने और यादों के पिटारे में कैद करने के लिए कई सारी तस्वीरें खींचने का भी मौका मिलता है, जिसके लिए सही लुक का होना काफी जरूरी होता है। इसी कड़ी में आपको सही नाइट पार्टी लुक के लिए कुछ अच्छे मेकअप प्रोडक्ट्स की जानकारी होनी चाहिए। इन चीजों के साथ आप तरह-तरह का मेकअप लुक ले सकती हैं और खुद को हर तरह की पार्टी के लिए तैयार कर सकती हैं। यहां आपको कुछ ब्रांडेड प्रोडक्ट्स की जानकारी भी मिल जाएगी जिनका इस्तेमाल रात की पार्टी के लिए काफी प्यारा लुक लेने के लिए किया जा सकता है। आपके ब्यूटी बास्केट का अहम हिस्सा बनते हुए ये प्रोडक्ट्स सिर्फ रात की पार्टी के लिए ही नहीं, बल्कि अलग-अलग अवसरों पर भी प्यारा लुक देने में मदद करेंगे।



**किन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करके सही नाइट पार्टी लुक लिया जा सकता है?**

रात की पार्टी के लिए अगर आपको एक आकर्षक और शानदार लुक चाहिए तो आप सीमित चीजों का इस्तेमाल करके ही मनचाहा लुक पा सकती हैं। सही बेस के लिए आपको अच्छे प्राइमर, फाउंडेशन, कंसलीर और पाउडर की जरूरत होगी। उसके बाद आंखों को सुंदर दिखाने के लिए आप अलग-अलग रंग के आईशैडो, लाइनर, काजल और मस्कारा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनके साथ आप मनचाहा आई मेकअप कर सकती हैं और पार्टी के लिए खुद को तैयार कर सकती हैं। अपने होठों को आकर्षक दिखाने के लिए आप अलग-अलग रंग की लिपस्टिक, लाइनर और ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप अपने मेकअप और कपड़ों के हिसाब से सही लिपस्टिक रंग का चुनाव कर सकती हैं। अपने पार्टी मेकअप को पूरा करने के लिए सही ब्लश और हाईलाइटर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इनकी मदद से आप साधारण से लेकर बोल्ड हर तरह का मेकअप लुक ले सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### मानसून की बेला में अपनी स्टाइल न भूलें

## मौसम चाहे कोई भी हो, रहना है स्टाइलिश तो ड्रेस के साथ-साथ इन पर भी दें ध्यान

स्टाइलिश दिखने के मामले में भला कौन पीछे रहना पसंद करेगा? खासकर जब मौका त्यौहार, शादी या पार्टी का हो। इन मौकों पर खुद को पीछे रखना सही नहीं है। ऐसे खास दिन अपने स्टाइल को बनाए रखिए, अगर सबकी नजर में हीरो बने रहना है। हां, इन खास दिनों में ऐसी ड्रेस पहनें ताकि देखकर लोग बोले- ₹वाह क्या लग रहे हो। नजर न लगे किसी की।₹ एकदम ऐसा ही दिखना चाहिए, तभी तो बात बनेगी। क्योंकि एक बात तो पक्की है इन खास दिनों में अपने फैशन का जलवा कम नहीं होने देना है। इसलिए मेंस फैशन में खुद को भी कुछ अलग ढंग से तरह से संवारना है। इसके लिए बहुत कुछ करने की जरूरत नहीं है। ये काम तो चुटकी में हो जाएगा बस कुछेक बातों का ख्याल रखना होगा।



### त्यौहार,शादी या पार्टी पर क्या पहनना सही होगा?

.त्यौहार,शादी या पार्टी के मौके पर किस तरह की ड्रेस पहनें? कैसे कपड़े पहनने चाहिए और कैसे नहीं? इस तरह के तमाम सवाल आपके मन में आ रहे होंगे या आ सकते हैं। इन सवालों से डरें या घबराएं नहीं, क्योंकि इनके जवाब हैं जिसकी मदद से कपड़े चुनने में आसानी होगी।

### ऐसे चुनें खास मौके के लिए कपड़े

.त्यौहार,शादी या पार्टी के लिए कपड़ा चुनना बहुत मुश्किल काम नहीं है। पहले याद करें, कि पिछली बार खास मौके पर क्या पहना था? अगर आपको याद है तो दिक्कत नहीं। हमारी सलाह मानकर पिछली बार से कुछ अलग पहनने की योजना बनाएं।

### एथनिक या कैजुअल ड्रेस में से कोई एक चुनें

हम लोग पर्व-त्योहार के मौके पर कुर्ता पहनना पसंद करते हैं। ऐसा करने वालों की संख्या अधिक है, क्योंकि इस दिन शॉर्ट या लॉन्ग कुर्ता अधिक लोग पहने दिखते हैं। अगर



आपने पिछली बार एथनिक ड्रेस पहनी थी, तो इस बार टी-शर्ट या शर्ट पहनें।

### मैचिंग के हिसाब से कपड़े पहनें

अगर एथनिक या कैजुअल ड्रेस को चुनने में दिक्कत हो रही है, तो इस हिसाब से कपड़े चुनें। चाहें तो अपने लोगों के साथ मैचिंग वाली ड्रेस पहनें। आप अपनों के लिए एक ऐसी टी-शर्ट मंगाकर पहनें। इस तरह की मैचिंग वाली टी-शर्ट आसानी से मिल जाती हैं। आप मैचिंग के लिए एक कलर से मिलती-जुलती ड्रेस का सिलेक्शन भी कर सकते हैं। इस तरह से ड्रेसिंग करने पर फोटो भी सही आएगी।

### कपड़े की फिटिंग का रखें ध्यान

.त्यौहार,शादी या पार्टी के मौके पर तैयार होते वक्त आपको फिटिंग भी ध्यान रखना होगा। कई लोग सोचते हैं कि नई ड्रेस जैसी भी हो अच्छी दिखेगी। जबकि ऐसा नहीं होता है। आपको खास मौके पर पहनी जाने वाली ड्रेस की फिटिंग का ध्यान रखना चाहिए।